CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 28 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफः खड़गे पेज 2



ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन सम्पादकीय



इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम पेज 12

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 114 राफेल लड़ाकू विमान

### दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई

### रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायुसेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी-8 आई टोही विमानों, मिसाइलों तथा स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गई है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायुसेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। राफेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायुसेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे, जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जाएगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया जाने वाला राफेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ-साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है।



### तटरक्षक बल को 2312 करोड़ रुपये की लागत से मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल तंत्र बनाने में भी मदद मिलेगी। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूत बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही महंगाई दर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई सीरीज (आधार वर्ष 2024) के तहत खुदरा महंगाई का पहला आंकड़ा गुरुवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार, जनवरी 2026 में महंगाई दर 2.75 प्रतिशत दर्ज की गई। नई सीरीज में जनवरी 2025 से अब तक के उपलब्ध महंगाई के आंकड़ों में जनवरी 2026 की महंगाई दर सबसे अधिक है। इसके आधार पर पिछले साल जनवरी में खुदरा महंगाई 1.67 प्रतिशत और दिसम्बर 2025 में 0.08 प्रतिशत रही थी। इस साल जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 2.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 2.77 प्रतिशत रही। इसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 2.11 प्रतिशत, कपड़ों तथा जूते-चप्पलों की 2.98 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवाओं की 2.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। सुश्री माहेश्वरी दूरदर्शन के साथ अपने लंबे जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। कई दशकों तक दूरदर्शन पर अपनी शांत, गंभीर आवाज और संतुलित समाचार प्रस्तुति के कारण उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। परिवार के सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। हिंदी में पीएचडी करने के बाद 1976 में समाचार प्रस्तोता के रूप में वह दूरदर्शन से जुड़ीं और दो साल की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, वह हमेशा राष्ट्रीय प्रसारक के साथ जुड़ी रहीं।

### 30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

**नई दिल्ली।** सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का गुरुवार को देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था। फाइट फॉर राइट के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलने से गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया। समीर एप के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह नौ बजे राजधानी का एक्यूआई 194 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह बुधवार के 305 (खराब) के स्तर से काफी बेहतर है।

# 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## शीर्ष अदालत ने कहा: समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी फिल्म रिलीज होगी, बेंच ने 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना व प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म घूसखोर पंडित के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं।

मनोज बाजपेई स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधरित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थाओं ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेई के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेराय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

## निशिकांत दुबे ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का दिया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **कहा: वे गुमराह कर रहे**
- **संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, चार फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

### मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी है और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक् की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा**

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा।

जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

# मुजफ्फरनगर: मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **दो पुलिसकर्मी भी घायल, मारे गए बदमाश पर 40 जघन्य केस थे दर्ज**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड पर बुधवार देर रात पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमजद को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारे गए बदमाश पर लूट, हत्या, डकैती समेत करीब 40 जघन्य मुकदमे दर्ज थे और वह अंतरराज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके के जंगल के समीप कुछ बदमाश हैं, जो लूट सहित कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बुढ़ाना, थाना तितावी एवं थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन खुद को घिरा देख, उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाशों की गोलियां एसपी देहात आदित्य बंसल की गाड़ी पर लगीं। वहीं कई गोलियां पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगीं। इस दौरान दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय नौसेना ने पहली बार सीटीएफ की कमान संभाली

- **सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र, ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गई थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स-सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)-के साथ किया जाता है।

# वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमला: मदनी

- **जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख ने कहा: ये मनमाना और एकतरफा**
- **वंदे मातरम के सभी छंद गाने के विरोध में संगठन**
- **पंजाब में भी फैसले का विरोध, दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया, हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास**



**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं।

ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। मदनी ने कहा कि एक मुसलमान सिर्फ एक अल्लाह की इबादत करता है, इसलिए उसे यह गाना गाने के लिए मजबूर करना संविधान के आर्टिकल 25 और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का साफ उल्लंघन है। इस गाने को जरूरी बनाना और इसे नागरिकों पर थोपने की कोशिश देशभक्ति का इजहार नहीं है, बल्कि यह चुनावी राजनीति, एक सांप्रदायिक एजेंडा और बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। देश के लिए प्यार का असली पैमाना नारों में नहीं, बल्कि किरदार और कुर्बानी में है। इसकी शानदार मिसालें मुसलमानों और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ऐतिहासिक संघर्ष में खास तौर पर देखी जा सकती हैं। ऐसे फैसले देश की शांति, एकता और डेमोक्रेटिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और संविधान की भावना को कमजोर करते हैं। वंदे मातरम को जरूरी बनाना संविधान, धार्मिक आजादी और डेमोक्रेटिक उसूलों पर साफ हमला है। वंदे मातरम अनिवार्य -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### महिला डाक्टर से अभद्र व्यवहार पर एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में एक बार फिर महिला रेजिडेंट डाक्टर से कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टर ने अनुचित व्यवहार और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर दिया है। इस बाबत पीड़िता ने परिजनों के साथ संस्थान प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 11 फरवरी को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर सात सदस्ईय आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा कमेटी) का गठन किया गया। समिति ने पीड़िता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र-जागरण के अग्रदूत: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चितक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया।

# चारु गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ सम्मान के साथ एक हजार डॉलर भी मिलेंगे

दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर चारु गुप्ता को प्रतिष्ठित 'आनंद कोंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ उन्हें एक हजार डॉलर (करीब 91 हजार रुपए) भी मिलेंगे।

प्रोफेसर गुप्ता को यह पुरस्कार उनकी नई पुस्तक 'हिंदी हिंदू हिस्ट्रीज: कॉस्ट, आयुर्वेद, ट्रेवल एंड कम्युनिज्म इन अर्ली ट्वेंटिन्थ सेंचुरी इंडिया' के लिए 'एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) ने दिया है। आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार दक्षिण एशिया पर विशिष्ट और मौलिक विद्वतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक चितक आनंद के कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो दक्षिण एशिया के इतिहास, संस्कृति और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण और स्थाई योगदान देता हैं। इसे दक्षिण एशियाई अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मान्यता है। यह पुस्तक 20वीं सदी की शुरुआत में उत्तर भारत की उत्तर भारत में आत्मकथाओं और 'प्रिंट' संस्कृति के जरिए हिंदू जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। इसमें जाति, आयुर्वेद, यात्रा वृत्तांत और साम्यवाद का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। यह दिखाती है कि उस परिवर्तनकारी दौर में जाति, लिंग, राष्ट्र और हिंदू पहचान को लेकर विभिन्न लोकभाषाई दृष्टियां किस तरह से उभर रही थीं। चारु की अन्य चर्चित पुस्तकों में सेक्सुअलिटी, ऑब्सिनिटी, कम्युनिटी एंड द जेंडर ऑफ कॉस्ट तथा 'जाति और लिंग: दलित, सवर्ण और हिंदी प्रिंट संस्कृति हैं। एएएस इस वर्ष की पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए विपक्ष ने सरकार से कार्रवाई की मांग उठाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिंग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सदन में मांग की गई कि टाउन वेंडिंग कमेटियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं, ताकि शहरों को अतिक्रमण से मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

## उप्र विधानसभा में अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत मुद्दा उठाया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सपा विधायक ने कहा-एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव

■ सपा सदस्य सचिन यादव ने विधानसभा में उठाया ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा, मंत्री ने दी सफाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत यह मुद्दा उठाया और सरकार से संज्ञान लेने की मांग की।

अतुल प्रधान ने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एजेंसी के कुछ लोग उनके पास आए थे और दावा किया था कि वे उनके बिना मौजूद हुए ही उनकी आवाज और चेहरे का हूबहू इस्तेमाल कर जनता तक उनका भाषण पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी आवाज और चेहरा सकारात्मक संदर्भ में प्रसारित किए जा सकते हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी संभव है। इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि एआई का प्रभाव विशेष रूप से राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों पर अधिक पड़ सकता है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने एआई को लेकर कानून बनाया है। इस विषय पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने भी सरकार का पक्ष सदन में रखा। सदन में हुई इस चर्चा ने एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं राज्य विस में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

### सपा विधायक रागिनी के सवालों पर सदन में गरमाया माहौल, मंत्री के जवाब पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से निवेश और डिफेंस कॉरिडोर को लेकर तीखे सवाल पूछे। रागिनी सोनकर ने पहला सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन धरातल पर सिर्फ 9 प्रतिशत ही परियोजनाएं क्यों दिख रही हैं? दूसरा सवाल डिफेंस कॉरिडोर को लेकर था। उन्होंने पूछा कि चित्रकूट, झांसी, अलीगढ़ और आगरा जैसे जिलों में अब तक प्रगति शून्य क्यों है। तीसरे सवाल में उन्होंने भाजपा के फंड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में पार्टी के खाते में 800 करोड़ रुपए थे, जो अब 16 हजार करोड़ रुपए कैसे हो गए, जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। रागिनी के सवालों के जवाब में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता खड़े हुए और उनके सवालों को पढ़ने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोका। इसके बाद मंत्री विपक्ष पर निशाना साधते हुए सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करने लगे।

# विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं।

खड़गे ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# आईटी सेक्टर में जबरदस्त गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में जारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 146.65 अंक नीचे 25,807.20 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल चारों आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में पांच से छह प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। चौतरफा गिरावट के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.45 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत नीचे रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 5.51 प्रतिशत लुढ़क गया। तेल एवं गैस, रसायन, रियलटी, मीडिया, एफएमसीजी, बैंकिंग, फार्मा और ऑटो में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में तेजी रही। एनएसई में शामिल 3,256 कंपनियों के शेयरों में से 2,007 के शेयर गिरावट में रहे जबकि 1.151 में तेजी रही। अन्य 98 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर 5.99 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 5.79 प्रतिशत, टीसीएस में 5.41, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.84, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.23, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.13 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.17 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.73 फीसदी, ट्रेंट का 1.52 और बीईएल का 1.43 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 2000 तक टूटी, सोना 600 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी 2040 रुपये सस्ती होकर 2.61 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 630 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बुलियन की दरों के अनुसार सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25 प्रतिशत चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। स्पाट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डालर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पाट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं और दालों में भी गिरावट रही। चीनी के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 18 रुपये फिसलकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। आटा भी छह रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल और मसूर दाल में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 24 रिंगिट टूटकर 4,037 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 99 रुपये और सूरजमुखी तेल 77 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 60 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये घट गई। सोया तेल में 34 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 17 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, चीनी तीन रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में साथी वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। देवरिया में हत्या के विरोध में दिवानी और कलेक्ट्रेट कचहरी के दर्जनों अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर परिसर में शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्रा और कलेक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा बताया कि रामपुर एक अधिवक्ता फारूख अहमद खान की निर्मम हत्या के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

बार एसोसिएशन के दोनों अध्यक्षों ने मांग किया है कि वकील के हत्यारों तत्काल गिरफ्तार कर मामले को एफटीसी कोर्ट में लगाकर तत्काल फांसी दिया जाय। रायबरेली की विभिन्न बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहने की घोषणा करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार द्वारा लागू कराने की भी मांग की। गौरतलब है कि रामपुर में बुधवार दोपहर अधिवक्ता फारूक अहमद खां (50) की एक लिपिक ने दिनदहाड़े अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वंदे मातरम...** किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह फैसला गैर कानूनी है। धार्मिक आजादी, सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग कि है कि सरकार इस नोटिफिकेशन को वापस ले। वापस नहीं लिया, तो पर्सनल लॉ बोर्ड इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देगा। सिख संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

# गुरुकुल छात्रा ने 5,555 भिन्न ॐ लिखकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के तुलसीपुर महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी स्वर्णा निगम ने कला और आध्यात्मिक क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमारी स्वर्णा ने 5,555 अलग-अलग प्रकार के 'ॐ' (ओंकार) की विशिष्ट पेंटिंग्स बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस अद्वितीय कला-साधना को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरी काशी और देश के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को पाणिनि कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य प्रदर्शनी एवं विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वाराणसी संसदीय कार्यालय के समन्वयक शिव शरण पाठक, विश्व वैदिक न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद् अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नए श्रमिक कानून कामगार विरोधी हैं: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ कहा: 2020 में तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की करने के बाद श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी

लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को श्रमिकों के हितों के विरुद्ध करार देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में और ह्रास होगा।

विधेयक को विचार करने तथा पारित किए जाने के लिए सदन में प्रस्तुत किए जाने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि देश भर के श्रमिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, तब यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2020 में पारित की गई तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की गई थीं, जिनमें श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी। अब इस विधेयक के जरिए श्रमिकों के अधिकारों को और कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 300 तक श्रमिकों-कर्मचारियों वाली कंपनियां, फैक्ट्री और कारखाने सरकार की अनुमति के बगैर बंद किए जा सकेंगे।

सुरेश ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में काम करता है, उसकी पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा। महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में कम हो रही है। आज कारपोरेट सेक्टर को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कारपोरेट की मांगें मान ली जाती हैं। श्रमिकों की मांगें ठुकरा दी जा रही हैं। मोदी सरकार श्रमिकों की असुरक्षा को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार श्रमिकों के हितों में काम करती थी। तत्कालीन सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) लाई थी। संप्रग सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम करती थी। आज सार्वजनिक उपक्रम कमजोर हो रहे हैं, उनका निजीकरण किया जा रहा है।

अनुबंध पर अधिक कर्मचारी लाए जा रहे हैं। यह विधेयक रोजगार सुरक्षा को क्षति पहुंचाता है। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस विधेयक में पहले के श्रमिकों के जुड़े कानूनों को समेकित करके नई श्रम संहिताएंलाई गई हैं। इस विधेयक को प्रगतिशील सुधार के रूप में जाना जाना चाहिए। सरकार की मंशा श्रमिक-मालिक के बीच तालमेल के जरिए उद्योगों में तरक्की लाना है। सरकार गैरकानूनी तालाबंदी पर रोक लगाना चाहती है। सरकार के इन कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार लाना है। इस सरकार की ओर से लाई गई श्रमिक संहिताएंपूरे देश में लागू होंगी। इनके लागू होने से औद्योगिक विवाद सुलझाना जयादा सरल हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने कहा कि 2020 में जब श्रम संहिताएंलागू की गई थीं, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे और अब उनमें संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार जब एक मजबूत कानून नहीं बना सकती तो यह श्रमिकों के हितों की बात करेगी, ऐसा सोचना निरर्थक है। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों की छंटनी को आसान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सरकार के प्रति श्रमिकों में घोर निराशा है। उद्योगों को ढील दी जा रही है। तीन सौ कर्मचारियों वाली कंपनियों- कारखानों में जब चाहे तब कामगारों को नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार को मजदूरों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

# बिना पंजीकरण वाले अस्पतालों पर शिकंजा कसने की तैयारी

## टीम ने जौली रोड पर अस्पताल का निरीक्षण कर दिया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार द्वारा आज जौली रोड पर निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जौली रोड स्थित मायशा हॉस्पिटल तथा लाइफलाइन मेडिकेयर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित संस्थानों में आवश्यक अभिलेख एवं वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं थे। अस्पताल का पंजीकरण दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर डॉ. अजय कुमार द्वारा संबंधित प्रबंधन को तत्काल नोटिस जारी किया गया तथा तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में नियमानुसार कड़ी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निरीक्षण के क्रम में डॉ. अजय कुमार द्वारा जौली रोड स्थित अन्य निजी अस्पतालों एवं क्लीनिकों का भी निरीक्षण किया गया। कुछ चिकित्सा संस्थान बंद पाए गए, जबकि कुछ स्थानों पर बिना पूर्ण मानकों के चिकित्सा सेवाएं संचालित होती मिलीं। ऐसे संस्थानों को भी नोटिस जारी कर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने तथा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डॉ. अजय कुमार ने कहा कि जनपद में किसी भी स्थिति में अवैध रूप से चिकित्सा सेवा संचालित नहीं होने दी जाएगी। मरीजों की सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी निजी अस्पताल संचालकों को निर्देशित किया कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों का पूर्णत: पालन करें, आवश्यक पंजीकरण एवं लाइसेंस अद्यतन रखें तथा स्वच्छता एवं उपचार संबंधी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण एवं विशेष अभियान निरंतर जारी रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि आमजन को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें।

# युवती ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** रुड़कली गांव मे युवती ने खुद को फाँसी लगा ली। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्रा के गांव रुड़कली फतेह अली मे गुरुवार की सुबह सवेरे 23 वर्षीय रचना ने घर के भीतर खुद को फाँसी लगा ली। आनन फानन मे युवती को बेगरा. जपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रचना को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से प्राप्त सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जानकारी की जहां परिजनों ने बताया की रचना ने पफाँसी लगाकर आत्महत्या की है। जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में हुंकार

## हमारा खेत-हमारा अधिकार अभियान के तहत भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जिलेभर के किसानों ने भारत अमेरिका कृषि व्यापार समझौते का विरोध करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट पर धरना दिया।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) बैनर पर कार्यकर्ताओं ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग उठाते हुए कहा कि इस तरह के समझौते से देश के किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के विभिन्न मुद्दों पर भी हुंकार भरते हुए समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया।

गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर विभिन्न मांगों के समर्थन में जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया।

संचालन गुलशन चौधरी ने किया। प्रधानमंत्री को संबोधित भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम भूराहेड़ी के पास नहर पर बने पुल पर दीवार खड़ी कर आवागमन बंद किए जाने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि इससे खेतों तक पहुंचने और कृषि कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने शीघ्र वैकल्पिक पुल निर्माण या मार्ग सुचारू कराने की मांग की। साथ ही भूराहेड़ी गांव में फसल क्षति एवं अन्य ग्रामीण समस्याओं के समाधान की भी मांग प्रशासन से की गई। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। सौंपे गए ज्ञापन पर प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज पहलवान, योगेश शर्मा, कुलदीप सिरोही, हेमंत कुमार, सोनू वाल्मीकि सहित अनेक कार्यकर्ता मैं हस्ताक्षर करते हुए मांग उठाई की किसने की समस्याओं का समाधान जल्द ही नहीं कराया गया तो उन्हें आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ेगा।



मुजफ्फरनगर: कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर नगर से गुजरते शिवभक्त।

# आधार कार्ड का अपडेट व संशोधन का शुल्क निर्धारित

**जिला प्रशासन ने मिल रही शिकायतों के बाद कसा शिकंजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आधा कार्ड अपडेट कराने व उसमें सुधार करने के नाम पर आधार कार्ड धारकों से निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली किए जाने की शिकायत मिलने पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक वसूल करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आधार सेवा केन्द्रों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि लेकर नये आधार नामांकन एवं आधार विवरण संशोधन किये जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होने बताया कि भारत सरकार ने जो शुल्क निर्धारित किया है वह इस प्रकार है-बायोमैट्रिक अपडेट 1. 05 वर्ष से 07 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष की आयु के मध्य पहली अथवा दूसरी बार बायोमेट्रिक अपडेट नि:शुल्क, 2. अन्य किसी स्थिति में बायोमेट्रिक अपडेट 125/- , 3. 07 से 15 वर्ष की आयु के मध्य कराया गया बायोमेट्रिक अपडेट 30-09-2026 तक नि:शुल्क रहेगा।, 4. यदि बायोमेट्रिक अपडेट के साथ एक ही समय पर कराया जाये नि:शुल्क यदि अलग से कराया जाये 75/-, साथ ही myAadhaar पोर्टल (myaadhaar.uidai.in) के माध्यम से 14-06-2026 तक नि:शुल्क आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से 75/-।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट पर धरना देते किसान।

# सिपाही कुसुम रानी को एसएसपी ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य स्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता में अच्छा और शानदार प्रदर्शन करने वाली पुलिस की महिला सिपाही कुसुम रानी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपने कार्यालय में उन्हे सम्मानित किया और प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्हे भेट किया। कुसुम रानी महिला एकल और महिला युगल दोनो वर्गो मे प्रथम स्थान पर आई और उन्होने जनपद और पुलिस महकमे का नाम रोशन किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय योनैक्स-सनराईस उत्तर प्रदेश स्टेट मास्टर्स (वैटरन) बैडमिंटन चैपिंयनशीप 2026 का आयोजन पांच फरवरी से आठ फरवरी 2026 तक लखनऊ स्थित बीबीडी उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एकादमी में किया गया था।

यह वार्षिक बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रदेश भर में अनुभवी खिलाडियों के लिए हुई थी।

# कागज़ों में है बुढ़ाना नगरपालिका का अस्तित्व

## वर्षों से अधिकारी कोर्ट को कर रहे हैं गुमराह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना द्वारा उच्च न्यायालय को गुमराह कर बुढाना का सीमा विस्तार रोकने के सम्बन्ध मे बृहस्पतिवार को डीएम से शिकायत की गयी। जिसमें बताया गया कि नपं का सीमा विस्तार बीते 15 वर्षो से चला आ रहा है बल्कि वर्ष 2013 में नपं में सपफीपुर पटी को मिलाकर जिसमें करीब 12 हजार मुस्लिम वोट हैं का सीमा विस्तार कर नगरपालिका बनाने की अधिसूचना भी यूपी सरकार द्वारा जारी कर दी गई मगर राजनैतिक कारणो से नपं को नपा बनाने की अधिसूचना समाप्त कर दी गई थी। नपं का सीमा विस्तार प्रस्ताव 2008 में कर दिया गया।

वर्ष 2016 में यूपी सरकार द्वारा अपने शासकीय पत्रा के माध्यम से निर्णय लिया गया था कि बुढाना को नपा बनाने की जगह बुढाना का सीमा विस्तार किया जाएगा मगर बुढाना सीमा विस्तार के निर्णय के बाद भी सीमा विस्तार पर कोई गम्भीरता नही दिखाई गई।

एहतशाम सिद्दीकी एड. द्वारा एक याचिका वर्ष 2018 में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित की गयी। जिसमें यूपी सरकार के शासकीय पत्र के आधार पर बुढाना के सीमा विस्तार की मांग की गई। उक्त याचिका बीते वर्ष 13 अगस्त में अंतिम सुनवाई हेतू उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुई तो नपं ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत के सामने कहा कि नपं को पूर्व में नपा का दर्जा प्रदान कर दिया गया। अब एहतशाम सिद्दीकी की याचिका पर सुनवाई की कोई जरुरत नही। न्यायालय द्वारा आदेश किया गया कि जब नपं को नपा का दर्जा यूपी सरकार द्वारा प्रदान कर दिया गया तो वादी ने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस कारण उक्त याचिका को निष्पफल होने के आधार पर खारिज किया जाता है। इस बात का विरोध स्थानीय स्तर पर हुआ तो नपं द्वारा याचिका को पुन: स्थापित करने हेतू उच्च न्यायालय में रिकाल प्रार्थना पत्रा दिया गया। जो कई माह बीतने के बाद भी पैरवी न होने के चलते पैंडिंग है। जिससे स्पष्ट है कि नपं सपफीपुर पटी को बुढाना में मिलाकर बुढाना का सीमा विस्तार नही चाहती। इसलिए बुढाना के सीमा विस्तार के संबंध में कार्यवाही हो। यहां काजी शकील व नौशाद पहलवान आदि मौजूद रहे।?

# योजना का लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता: मालती

**हरी नगर में ब्लॉक प्रमुख मालती रानी का सम्मान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** विकासखंड पुरकाजी के गांव हरी नगर में भारतीय मुस्लिम नट समाज के बैनर तले एक गरिमामय एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरकाजी ब्लॉक प्रमुख मालती रानी का नट समाज की ओर से फूल-मालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

समारोह की अगुवाई हाफिज मोहम्मद शहजाद ने की, जिसमें नट समाज के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही व्यवहारिक समस्याओं को ब्लॉक प्रमुख के समक्ष रखा।



इस पर ब्लॉक प्रमुख ने तुरंत संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर संवाद कर मौके पर ही समस्या के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

ब्लॉक प्रमुख मालती रानी ने अपने संबोधन में कहा कि 'मेरा उद्देश्य हमेशा यह रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मेरे लिए सभी समाज समान हैं और मैंने अपने पूरे कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के सम्मान और विकास के लिए कार्य किया है।

नट समाज सहित सभी जरूरतमंद और वंचित वर्गों की समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच समन्वय से ही जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव है और इसी भावना के साथ वे आगे भी सेवा कार्य जारी रखेंगी। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इस्तखार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मास्टर दुष्यंत (कुतुबपुर), ग्राम प्रधान लखनौती रविंद्र चौधरी, अफसर अली, पूर्व प्रधान नेपाल सिंह एडवोकेट, हाजी बेधड़क, हाजी रुखसेन, फजलु, जाबिर, विनोद, प्रभु दयाल सिंह, मोमिना, अफसाना, रुखसाना सहित नट समाज के सैकड़ों युवक एवं महिलाएं मौजूद रहे।

# कम्पनी बाग के पेड़ कटान का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

## संबंधित कई विभाग को बनाया पार्टी, पहले भी कई स्थानों पर काटे जा चुके हैं हरे-भरे पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका (कम्पनी बाग) में हरे पेड काटने का मामला तूल पकड रहा है। अब यह मामला न्याय की चौखट, यानि के कोर्ट में पहुंच चुका है, हालांकि जनपद में हरे-भरे पेड काटने का यह कोई पहला मामला नहीं है और आसपास के कस्बे और गांव में हरे-भरे पेड काटने की शिकायत वन विभाग से लेकर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों तक समय-समय पर मिल रही है, लेकिन 90 प्रतिशत हरे-भरे पेड काटने के मामले में कोई कार्यवाही नही होती। फिलहाल इस मामले की शिकायत वार्ड नम्बर 25 के सभासद भाजपा नेता राजीव शर्मा ने करते हुए कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसमे बताया गया कि वन विभाग की जांच में आरोप सिद्ध होने और प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश के बावजुद संबंधित विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यदि हरे-भरे पेड काटने के सभी मामलों में समाजसेवी या अन्य लोग इसी तरह कदम उठाए तो शायद हरे-भरे पेड काटने की कोई जरूरत ना करे।

बता दे कि मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका जो कि नगर पालिका परिषद के अधीन है, में हरे-भरे पेड उखाडने का मामला कई दिन तक गर्माया था। हाल में एक बार फिर हरे भरे पेड उखाडने का मामला तूल पकडा नजर आ रहा है हालांकि घटना तेरह अक्टूबर 2025 की सवेरे की है। लोग जिस समय कम्पनी बाग टहलने के लिए गए तो उन्होने हरे-भरे पेड को बारह अक्टूबर तक आसमान की तरफ खडे थे उन्हे जमीन पर पडे देखा था।

यह घटना देखकर यहां टलने आए लोगों में गुस्सा नजर आया था। कुछ लोगों ने मौके पर हंगामा और प्रदर्शन भी किया था और उस समय लोगों ने यह मांग उठाई थी कि इस मामले में जांच कर कडी कार्यवाही की जाए। इस मामले को भाजपा नेता और सभासद राजीव शर्मा ने नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में उठाया था। यह मुद्दा अधीशासी अधिकारी के समक्ष भी उठाया गया। और उस समय सदन में यह भी मांग उठाई गई कि इसकी जांच निष्पक्ष हो और तुरंत कार्यवाही की जाए। जैसा की सूत्रों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर तुरंत सीएंडडीएस जल निगम द्वारा कम्पनी बाग में कराए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी और इसके बाद वन विभाग के अधिकारी को पत्र लिखकर काटे गए पेडों का मुल्याकंन कराया गया।

जैसा की सूत्रो का कहना है कि जांच रिपोर्ट मे तीन पेडों के काटने की पुष्टी हुई थी और सूत्र यह भी बताते है कि किसी आधार पर संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की गई। यह मामला यहीं खत्म नहीं हुआ सभासद ने अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए शासन स्तर को शिकायत दर्ज कराई। और मुल्याकंन रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए थे। उधर सभासद की शिकायत पर वन विभाग ने इस मामले की पुन: जांच कराई जिसमें कुछ गड़बड पाई गई। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश भी हुए, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। सूत्रों का कहना है कि छह फरवरी को सभासद ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। जिसमें संबंधित कई विभाग को पार्टी बनाया गया। कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र का संज्ञान लिया गया और कार्यवाही के आदेश दिए गए। सूत्रों का कहना है कि प्रतिवादी संख्या छह यानि डीएंडडीएस जल निगम के परियोजना प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए जाने की मांग की। बताया जाता है कि सभासद द्वारा दी गई याचिका पर जल्द सुनवाई की उम्मीद बताई जा रही है।

# मेडिकल एंड सेल्स प्रमोशन कर्मियों ने किया प्रदर्शन



**रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ने 1976 के अधिनियम एवं नियमों का कड़ाई से पालन कराए जाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सरकारी हस्तक्षेप के अभाव में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को उनके नियोक्ताओं द्वारा विभिन्न अनुचित श्रम प्रथाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कई कंपनियां कर्मचारियों का अवैध स्थानांतरण कर रही हैं, जबरन काम से रोक रही हैं और बिना ठोस कारण के सेवा समाप्त कर रही हैं। साथ ही फर्जी आरोप लगाकर वेतन और यात्रा भत्ता रोकने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। एसोसिएशन का आरोप है कि नियोक्ता बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम, 1976 तथा अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। यूनियन नेताओं और कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने के लिए झूठी पुलिस शिकायतें दर्ज कराने की घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। संगठन ने केंद्र सरकार से प्रमुख मांगें रखी कि चारों नई श्रम संहिताओं को निरस्त कर पूर्ववर्ती श्रम कानूनों, विशेषकर बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1976 को यथावत लागू रखा जाए। सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की नियुक्ति फिक्स्ड टर्म एंप्लॉयमेंट के तहत न की जाए। कर्मचारियों की छंटनी, अवैध स्थानांतरण एवं सेवा समाप्ति पर रोक लगाई जाए। सभी कर्मचारियों कोसमय पर पूर्ण वेतन एवं यात्रा भत्ता सुनिश्चित किया जाए। एफएमआरएआई के साथ चर्चा कर अधिनियम के तहत स्पष्ट वैधानिक कार्य नियम बनाए जाएं। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से निगरानी, ट्रैकिंग और निजता में हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई कर सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

# आखिर जीवन संगनी क्यों बन रही अपने जीवन साथी की कातिल ?

## कम उम्र के युवकों के साथ महिला फरार होने की भी बढ़ रही हैं घटनाएं, आखिर इसके पीछे क्या हैं वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कम उम्र के युवकों के साथ फरार होना, प्रेमी के लिए पति की हत्या करना और अब तो कम उम्र के प्रेमी युगल भी घर छोडकर फरार हो रहे है। कम उम्र के प्रेमी युगल की बात तो अलग है लेकिन वृद्ध अवस्था में नाता-पोती वाली महिलाएं समाज, परिवार, रिश्तेदार को दर किनार कर फरार हो रही है। कई मामलों ने तो परिवार व रिश्तेदारों को उस वक्त शर्मसार करके रख दिया जब पडौसी व कोई अन्य रिश्तेदार नहीं बल्कि दामाद के साथ सास घर का सामान लेकर फरार हो गई। अब तक कई मामले ऐसे सामने आ चुके है जिनमें नाता पोती वाली महिलाओं ने अपनी बेटी के जीवन को भी बर्बाद करने से नहीं छाडा। रिश्ता तय होते ही जहां एक मां को अपनी बेटी को घर से विदा करना चाहिए वहां बेटी की शादी से पहले ही सास ने कम उम्र के दामाद से अपनी आंखे लडाई और बेटी की शादी से पहले ही होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई। ऐसे मामले आए दिन सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में देखे और पढ़े जा सकते है। कुछ मामले तो ऐसे भी सामने आए कि प्रेमी की खातिर जीवन भर साथ निभाने वाली संगनी ने ही अपने पति के कत्ल की कहानी लिख डाली और प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति के खून से हाथ रंग लिए।

सवाल और गंभीर बात तो यह है कि जो पति जीवन भर साथ निभाने के लिए पत्नी को अपने घर लाया और घर की तालीपूंजी उसके हवाले कर दी यहां तक की पत्नी को ऐश और आराम में रखने के लिए उसने अपने छोटे ही काम को नहीं बल्कि कुछ ऐसे मामले सामने आए है कि बिजनेश को बडा करने के लिए रात दिन एक कर दी, लेकिन जीवन साथी ने जरा सी प्रेमी की चाह में अपने जीवनसाथी की कत्ल की कहानी लिख डाली। ऐसे मामले मेरठ से लेकर कई अन्य जनपदों में सुने गए, देखे गए और पढ़े भी गए। कुछ संगनी ने तो प्रेमी की चाह में पति को इतनी भयानक मौत दी कि लोगों के दिल कांप उठे, इतना ही नहीं जांचकर्ता पुलिस प्रशासन के भी पत्नी के इस कत्ल के अंदाज को देखकर उनके रोंगटे खडे हो गए। यह तो अलग बात है कि पुलिस हर मुजरिम की तरह पती की कत्ल की कहानी लिखने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को सलाखों के पीछे भेजकर कठोर कार्यवाही करती है, लेकिन अभी तक यह पहल कोई नहीं कर सका कि आखिर पोती नाती की महिलाएं अपने दामाद के साथ क्यो फरार हो रही है।

छोटी उम्र के युवकों के साथ कुछ महिलाएं समाज और रिश्तेदारों को दर किनार कर घर की दहलीज के बाहर क्यो कदम उठा रही है? और क्यो शादीशुदा महिलाएं एक प्रेमी की चाह में अपने ही हमसफर को कत्ल कर रही है।

सवाल तो बहुत कुछ है, लेकिन इसके पीछे का कारण और इस तरह की घटनाएं रोकने के लिए क्यो कोई पहल नहीं कर रहा है। रंजिश के मामले तो अलग है कि पुरानी रंजिश, जमीनी रंजिश या कोई ओर रंजिश जिसमें बड़ी-बड़ी संगीन घटनाएं हो रही है यह तो अलग बात है कि पर सवाल यह है कि जीवनभर साथ निभाने वाली संगनी अपने जीवनसाथी को इतनी भयानक मौत क्यो दे रही है? हालांकि ऐसे कुछ मामलों पर जब नजर डाली गई और उनका गंभीरता से विशलेषण किया गया तो यह सामने आया कि कुछ महिलाएं पति से परेशान होकर यह कदम उठा लेती है, लेकिन कुछ माह से ज्यादातर ऐसे मामले सामने आ रहे है कि पति के काम में व्यस्त होने के कारण उनकी गैर मौजूदगी में किसी से आंख लड जाने के बाद कुछ महिलाओं ने यह कदम उठाया, लेकिन जो पति पत्नी के ऐशोआराम के लिए रात-दिन एक कर देता है और उसे कभी यह भनक भी नहीं लग पाती कि एक दिन उसकी संगनी ही उसके कत्ल की कहानी लिखेगी।

# गौ रक्षक नीशू ने किया बच्ची का अंतिम सस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सेवक नीशू बीमार घायल और मृत पशुओं की ही नहीं बल्कि इंसान की सेवा करने से भी पीछे नहीं है वह वैसे तो काफी समय से गौ रक्षक के नाम से जाने जाते हैं लेकिन वह इंसानों के प्रति भी प्यार रखते हैं अब तक वह काफी संख्या में मर्द पशुओं का अंतिम संस्कार कर चुके हैं और घायल और बीमार पशुओं की देखभाल से भी निशु पीछे नहीं हटते हाल में भी उन्होंने एक लावारित मर्द बच्ची का अंतिम संस्कार किया इतना ही नहीं उन्होंने बच्ची को जानवरों के खाने के लिए फेंकने वाली मां और उसके सहयोजियो के खिलाफ एसपी सिटी से मिलकर कार्रवाई की मांग भी की है है ।



नीशू ने नम आंखों से रोते हुए बच्ची का अंतिम संस्कार किया और इस दौरान उनके होठों पर यही था कि मेरी जिंदगी में इससे बड़ा दुख का विषय और कोई नहीं होगा जितना बड़ा दुख आज मुझे इस बच्चे का अंतिम संस्कार करते हुए हुआ और ऐसे निर्दय लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए चाहे मुझे धरना देना पड़े प्रदर्शन करना पड़े या भूख हड़ताल पर बैठना पड़े या आत्मदाह करना पड़े मैं उसे करने से भी पीछे नहीं हटूंगा गौ रक्षक निशु जब कोई कदम उठा लेते हैं तो वह पीछे नहीं हटते इसके लिए चाहे उन्हें अपनी जेब से खर्च करना पड़े या फिर किसी का सहयोग लेना पड़े उन्होंने बच्ची के अंतिम संस्कार के दौरान यही कहा कि बेटी के इंसाफ की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ूंगा जैसे मैं पहले आठ पूर्व में रुड़की चुंगी पुलिस चौकी के पास कूड़े के डेर से एक बच्ची का शव मिला था उसमें एसपी और एसपी सिटी के द्वारा जो जीजा साली के अवैध संबंध के चलते फेंका गया था उन पर मुकदमा लिखकर 500 कैमरे चेक कर के उन्हें सलाखों के पीछे भेजा था मैं पुलिस से आशा करता हूं प्रार्थना करता हूं500 कि ऐसे ही इस करता को करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# राष्ट्रीय महास्वराज भूमि पार्टी को मिला मुस्लिम चेहरा

**बुढ़ाना।** यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय महास्वराज भूमि पार्टी ने एक बड़ा व रणनीतिक कदम उठाया है। पार्टी नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता डाक्टर अब्दुल गफ्फार सैफी को अल्पसंख्यक समाज का प्रमुख चेहरा बनाकर मैदान में उतारने का फैसला किया है। जिससे प्रदेश की राजनीति में नई हलचल देखने को मिल रही है। ये फैसला पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आशीष सिंह के मार्गदर्शन में लिया गया है। जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना व उनकी आवाज को मजबूती से विधानसभा तक पहुंचाना है। श्री सैफी लंबे समय से सामाजिक सेवा, जनसरो. कार व संगठन निर्माण से जुड़े रहे हैं। उन्होंने हमेशा गरीब, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। उनकी साफ छवि, ईमानदार कार्यशैली व जन संपर्क क्षमता के कारण वे जनता के बीच एक भरोसेमंद नेता के रुप में पहचाने जाते हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनके अनुभव व नेतृत्व क्षमता से पार्टी को जमीनी स्तर पर बड़ा लाभ मिलेगा। पार्टी का ये निर्णय अल्पसंख्यक समाज के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है।



शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक सम्मान जैसे मुद्दों पर पार्टी अब और मजबूती से काम करेगी। सैफी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को और अधिक सक्रिय किया जाएगा। प्रदेश भर में जनसभाएं, संवाद कार्यक्रम व संगठनात्मक बैठकें आयोजित कर समाज की वास्तविक समस्याओं को सामने लाया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पार्टी का ये कदम आगामी चुनाव में गेम चेंजर साबित हो सकता है। पार्टी अब केवल वादों तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि जमीन पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाकर जनता का बिश्वास जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इस फैसले से पार्टी को शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रें में नया समर्थन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्ति के बाद श्री सैफी ने कहा कि मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ। पार्टी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है उस पर मैं पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। अल्पसंख्यक समाज, युवाओं व किसानों के हक की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाऊंगा। वे प्रदेश के हर जिले में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। पार्टी ने साफ किया है कि उसका मुख्य एजेंडा जनसेवा, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व किसान कल्याण रहेगा। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसा यूपी बनाना है जहां हर व्यक्ति को समान अवसर व सम्मान मिले। आगामी महीनों में पार्टी द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान, युवा सम्मेलन व महिला संवाद कार्यक्रम चलाए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में आरएमएस पार्टी ने लगातार जनहित के मुद्दों को उठाकर जनता के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई है। चाहे बेरो. जगारी का सवाल हो किसानों की समस्याएं हों या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज पार्टी हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आई है। श्री सैफी की सक्रिय भूमिका से पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा मिलने की उम्मीद है।

## सपा नेता दर्शन सिंह को बनाया एससी प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव

**मुजफ्फरनगर।** शहर के रामपुरी निवासी एवं सपा नेता दर्शन सिंह धनगर को सपा ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास गोंड ने जनपद निवासी दर्शन सिंह धनगर को सपा में राष्ट्रीय सचिव मना. नीत किया गया है। समाजवादी अनुसूि. चत जनजाति प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर सपा नेता दर्शन सिंह धनगर के समर्थकों में हर्ष की लहर है।राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर सपा नेता दर्शन सिंह धनगर ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के अधिकारों, हिस्सेदारी तथा संविधान, आरक्षण बचाने के आंदोलन को वह लगातार आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## 14 माह में बुढ़ाना पुलिस ने 3 लुटेरे किए ढेर

**बुढ़ाना।** सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने समय समय पर इन पिछले 14 महीनों में तीन लुटेरों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। जिनमें जानसठ थाना क्षेत्र के गांव बसायच का रहने वाला अजयवीर उर्फ बादल सिंह, महताब अहमद उर्फ गलकटा निवासी जिला शामली और आज अमजद अहमद निवासी गांव हरसौली थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर को मुठभेड़ में मार गिराया।

## टयूबवैलों पर चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** चार गांवों के जंगलों में स्थित करीब एक दर्जन टयूबवैलों पर चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने एक मुठभेड़ में पकड़कर उनके पास से चोरी का कुछ सामान और तमंचे कारतूस बरामद किए। बीते 8 फरवरी को गांव बैल्ली के राजवीर पुत्र ओमवीर ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध 11 टयूबवेलों पर हुई चोरी की घटना की रिपोर्ट बुढ़ाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होते ही हरकत में आ गयी थी। आज बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में उमरपुर चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया ने किसी मुखबिर की सूचना पर तीन युवकों को उस समय घेर लिया जब वे चोरी का माल बैंच ने के लिए किसी दुकानदार के पास जा रहे थे। चोरों ने अपने आपको घिरा देखकर पुलिस पर फायर झोंक दिया। तब पुलिस ने अपना बचाव करते हुए तीनों चोरों को पकड़ लिया। पुलिस को पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मुजफ्फर पुत्र भूरा, रुपेश पुत्र रामफल व सलीम पुत्र यामीन निवासीगण गांव मनवाड़ा थाना रतनपुरी बताए। पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा, 1 खोखा, 1 कारतूस, 2 चाकू, 2 किलोग्राम तांबे का तार व 1 किलो 750 ग्राम केबिल का तार बरामद किया। तीनों चोरों ने बताया कि हमने गांव बैल्ली में अर्द्ध किसानों की टयूबवेलों से स्टार्टर और तार की चोरी की थी। जिसे छिपते छिपाते हुए आज बैंचने के लिये लेकर जा रहे थे। पुलिस ने चोरों की यह मुठभेड़ वैल्ली मार्ग पर हुई।

## घर-घर दस्तक देकर बांटा सड़क सुरक्षा का संदेश

**खतौली।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत श्री कुंदकुंद जैन महाविद्यालय, खतौली द्वारा जनजागरूकता की अनूठी पहल की गई। शासन के निर्देशानुसार 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चल रहे "सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधान" कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को महाविद्यालय की ओर से घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. दीप्ती जैन के नेतृत्व में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की टीम ने पंजाबी कॉलोनी, रेलवे रोड, सैनी नगर समेत विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें, ट्रैफिक संकेतों और लाइट का पालन करें तथा चौराहों पर सावधानीपूर्वक और धीमी गति से वाहन चलाएं। छात्राओं ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सलाह दी। साथ ही निर्धारित गति सीमा का पालन करने और सड़क पर बच्चों एवं पैदल यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखने का संदेश भी दिया गया।अभियान में कु. नेहा, रूबी, निदा, कावेरी, शबाना, अफीफा, संजना, खुशबू, निशा, काजल, अनुष्का, शगुन सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. संजीव कुमार, इं. राहुल माहेश्वरी, डॉ.श्वेता मलिक, डॉ. पारूल शर्मा, डॉ. विशु, एकता राजपूत, सचिन कुमार और निखिल चौहान सहित प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## युवक के साथ मारपीट

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर में एक युवक के साथ गांव के ही तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महताब पुत्र हनीफ निवासी ग्राम सिकंदरपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने गांव में स्थित पास की दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से उसका पड़ोसी सोनिब पुत्र सैय्याद वहां पहुंचा और उसे गाली-गलौज करने लगा। जब महताब ने गाली देने का विरोध किया और कारण पूछा तो सोनिब ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। महताब किसी तरह जान बचाकर अपने घर की ओर भागा, लेकिन आरोप है कि सो. निब के साथ बाबू पुत्र सैय्याद और सैय्याद पुत्र असगर भी लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। तीनों ने मिलकर महताब के साथ जमकर मारपीट की।

# मुख्य बाजार में कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ

**मीरापुर।** कांवड़ियों की सेवा के उद्देश्य से गत वर्षों की भांति मीरापुर के मुख्य बाजार में कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया।

शिविर का उद्घाटन इंस्पेक्टर राजीव शर्मा तथा नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की गई, इसके बाद भगवान शंकर की आरती उतारकर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। व्यापारी राकेश गुप्ता ने बताया कि कस्बे के व्यापारी वर्ष 1982 से फाल्गुन मास में पड़ने वाली महा. शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों की सेवा के लिए यह शिविर लगातार लगाते आ रहे हैं। इस सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों को यात्रा के दौरान हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना है।

शिविर में कांवड़ियों के लिए नि:शुल्क भोजन, जलपान, प्राथमिक उपचार के लिए दवाइयां तथा रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। बताया गया कि मीरापुर से होकर निकलने वाले कांवड़िये पुरामहादेव, फिरोजपुर, मवाना, किला परीक्षितगढ़ और बुलंदशहर सहित अन्य क्षेत्रों के लिए प्रस्थान करते हैं। शिविर के संचालन में किशन लाल आढ़ती,



सुधांशु अग्रवाल, महावीर प्रसाद, राकेश गुप्ता आढ़ती, संदीप रस्तोगी, नीरज गर्ग, आदित्य अग्रवाल, अमित रस्तोगी, अनिल नंदवानी, शोभित डागा, शुभम जैन, अभय गुप्ता, परमानंद शर्मा और मुकेश शारदा सहित अनेक व्यापारियों का सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नगर प्रभारी अमेन्द्र सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुढ़ाना।** बीते दिन उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर में अधिवक्ता फारुख खान की हुई हत्या के विरोध में स्थानीय अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की गयी। मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक आपात बैठक बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी की अध्यक्षता व बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला रामपुर के अधिवक्ता फारुख खान की हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की गयी और दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के लिए गठित केंद्रीय संघर्ष समिति के बीती 11 फरवरी 2026 के एक पत्र का उल्लेख भी गंभीरता से किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन बुढ़ाना ने केंद्रीय संघर्ष समिति को अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और अधिवक्ता फारूख अहमद खान की हत्या की कड़ी निंदा की। एसोसिएशन ने शासन से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और इसके साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की भी मांग की गई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान और इलियास सैफी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस दौरान बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव भी मौजूद रहे।

# ब्लॉक पुरकाजी में युवा खिलाड़ियों को खेल सामग्री की वितरित

**■ ब्लॉक प्रमुख मालती रानी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** युवा कल्याण विभाग की ओर से आज ब्लॉक पुरकाजी में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मालती रानी रहीं, जिन्होंने 22 मंगल दल खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ओमकार सिंह उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान संजीव कुमार, नगर पंचायत सभासद मोहम्मद इस्तखार, युवा कल्याण अधिकारी अंकुर कुमार, जावेद बाबू, दुष्यंत कुमार कुतुबपुर, मास्टर तनवीर आलम किंग एवं मोहम्मद रिहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम सैय्यद अली कौशर पुत्र सैय्यद अमीर हुसैन से बदलकर अली कौशर पुत्र अमीर हुसैन कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**अली कौशर पुत्र अमीर हुसैन**
निवासी ग्राम सिकरेडा जिला मुजफ्फरनगर।

## महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयन्ती पर वैदिक यज्ञ आयोजित

**मन्सूरपुर।** मिल मन्सूरपुर स्थित एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, मन्सूरपुर में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयन्ती अत्यन्त श्रद्धा, गरिमा एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वैदिक यज्ञ (हवन) द्वारा किया गया। यज्ञ का संचालन अनिल कुमार शास्त्री द्वारा विधिपूर्वक वैदिक रीति से किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य अनिल कुमार, प्रबंधक संदीप कुमार एवं अर्पित चौधरी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से आहुति प्रदान की। यज्ञ के माध्यम से ईश्वर से राष्ट्र की उन्नति, समाज में शांति, सद्भाव, नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यज्ञ की पवित्र अग्नि एवं मंत्रोच्चार से सम्पूर्ण विद्यालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।यज्ञोपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन संघर्ष, उनके क्रांतिकारी विचारों तथा समाज सुधार में दिए गए अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विशेष रूप से नारी शिक्षा, सामाजिक समानता, स्वदेशी भावना, राष्ट्रीय चेतना एवं चरित्र निर्माण के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित किया।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**

**अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 42/EUDC MZN/2025-26, सहायक अभियन्ता (तक0) - सुरेन्द्र नगर के अन्तर्गत एच0टी0/एल0टी0 लाईनों के अनुरक्षण का कार्य, प्रपत्र शुल्क -रू 1180, धरोहर राशि रू 8000 रू0
2. 43/EUDC MZN/2025-26, सहायक अभियन्ता (तक0) - पचेण्ढा रोड के अन्तर्गत एच0टी0/एल0टी0 लाईनों के अनुरक्षण का कार्य, प्रपत्र शुल्क-1180,धरोहर राशि - रू 8000
3. 44/EUDC MZN/2025-26, सहायक अभियन्ता (तक0)- सुजडू के अन्तर्गत एच0टी0/एल0टी0 लाईनों के अनुरक्षण का कार्य, प्रपत्र प्रपत्र शुल्क-1180,धरोहर राशि - रू 8000

ई-निविदा की अंतिम तिथि- 27 फरवरी 2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत नगरीय वितरण मंडल**
**मुजफ्फरनगर**

## भाकियू अ संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक की एक आवश्यक मीटिंग बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित डाक बंगले पर आयोजित की गई। जिसमे कई पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहे। इस मीटिंग में बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष पिन्टू ठाकुर ने उन कार्यकर्ताओं से आग्रह किया जो संगठन मे सक्रिय नहीं हैं कि वे संगठन के प्रति अपनी सक्रियता दिखाएं। जिसमें काफी कार्यकर्ताओं ने ब्लाक अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि वे आज से संगठन के प्रति सक्रिय रहेंगे। कहीं पर भी कोई भी प्रोग्राम या आंदोलन होगा उसमें बढ चढकर हिस्सेदारी करेंगे और संगठन का विस्तार करने मैं रुचि लेंगे। इस दौरान यहां पर संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की गयी। मीटिंग में तहसील प्रभारी सतेन्द्र मलिक, बुढाना ब्लाक उपाध्यक्ष घनश्याम सैनी, ब्लाक उपाध्यक्ष शाहवेज अहमद, ब्लाक उपाध्यक्ष ताहिर अहमद, ब्लाक सचिव अल्लाउद्दीन अहमद, ग्राम जोगियाखेडा अध्यक्ष परवेज अहमद, योगेन्द्र मलिक, हसन अहमद और महताब अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बैठक सम्बन्धी सूचना**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुड़ीना खुर्द में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 बुड़ीना खुर्द वि0 खण्ड-बघरा जनपद मुजफ्फरनगर के गठन हेतु दिनांक 16/2/2026 को प्रात: 11 बजे ग्राम बुड़ीना खुर्द में मौ0 अफसर पुत्र मौ0 अबरार के घेर में बुलाई गई है। कृप्या ग्राम पंचायत बुड़ीना में रहने वाले व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हो तथा जो मछली पालने एवं पकड़ने एवं अन्य मत्स्य गतिविधियों से जुड़े कार्य जानते हों बैठक में भाग लेकर समिति की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्य बनने हेतु आधार कार्ड आवश्यक है।

## आज 2 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युतग्रह के जेई शिव कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना बिजली घर पर दस एमवीए ट्रांसफार्मर की एलटी केबल को कंट्रोल रुम में जोड़ने के लिए कार्य किया जाना है। उपरोक्त कार्य करने के लिए बुढ़ाना टाउन बिजली घर की विद्युत सप्लाई सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक यानि कि 02 घंटे के लिए बाधित रहेगी। इसलिए सभी उपभोक्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील की जाती है।

## पीरशाह विलायत का सालाना जलसा सम्पन्न

**चरथावल।** कस्बे स्थित मदरसा जामिया इस्लामियां पिरशाह विलायत में सालाना जलसे का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और धार्मिक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख उलेमा-ए-किराम ने शिरकत कर जलसे की रौनक बढ़ाई। जलसे में मुफ़्ती नसीम, मौलाना शमीम, कारी नोशाद, कारी मोहतरम, हाफिज़ मुकर्रम, मौलाना फुजैल तथा देवबंद से पधारे मुफ़्ती यासिर अहमद और अंसार अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उलेमाओं ने अपने तकरीर में दीन की तालीम की अहमियत पर जोर देते हुए बच्चों को मेहनत और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने की नसीहत दी।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच कुरआन की किरात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने बेहद खूबसूरत तिलावत पेश कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में अबूबकर ने प्रथम स्थान, सादिक ने द्वितीय स्थान तथा साद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे अन्य विद्यार्थियों की हौसला-अफजाई के लिए भी उन्हें इनाम देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ। जलसे में बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे



# योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है : ब्रह्ममूर्ति योगतीर्थ

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित ध्यान योग आश्रम एवं आयुर्वेद शोध संस्थान में आयोजित पांच दिवसीय योग साधना शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार व हवन-यज्ञ के साथ किया गया था। पांच दिनों तक साधकों को प्राणायाम, ध्यान, यम-नियम तथा विभिन्न योगासनों का नियमित अभ्यास कराया जाएगा तथा साथ ही आयुर्वेद आधारित दिनचर्या और स्वस्थ जीवन के सूत्र भी बताए जाएंगे।

शिविर में हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन से पधारे योग ऋषि ब्रह्ममूर्ति योगतीर्थ महाराज ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जिसे अपनाकर अनेक शारीरिक व मानसिक रोगों से मुक्ति पाई जा सकती है। मानव को व्यस्त जीवनशैली में से प्रतिदिन कुछ समय निकालकर योगाभ्यास करना आवश्यक है। विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए योग अत्यंत लाभकारी है, क्योंकि इससे



एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि जिंदगी काटने के लिए नहीं, बल्कि संवारने के लिए है। योग निस्वार्थ भाव से सब कुछ देता है और व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है।

योग का अर्थ है अपने मूल स्वरूप की ओर लौटना। शिविर के दौरान साधकों ने अनुशासनपूर्वक योग क्रियाओं का अभ्यास किया और स्वास्थ्य लाभ के अनुभव साझा किए। शिविर को मां अन्नपूर्णागिरी आश्रम के महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, आचार्य ओमेन्द्र उर्फ मुखिया, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, स्वामी आदित्यदेव तथा स्वामी सदानंद महाराज ने भी विचार व्यक्त किए और योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। शिविर के आयोजन में प्रोफेसर सत्येंद्र आर्य, हरपाल सिंह, वेदपाल सिंह, सचिन और विपिन सहरावत की मुख्य भूमिका निभा रहे है।

# भूमि मामले में एसडीएम से मिले भाकियू नेता



**बुढ़ाना।** गांव रसूलपुर दभेडी में खतौली रोड पर स्थित एक भूमि के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पीड़ित पक्ष के कुछ लोगों के साथ बुढ़ाना एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा से उनके आफिस पर मिले। पीड़ित पक्ष के इस्लाम ने एसडीएम को बताया कि बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के रसूलपुर दभेडी गांव में उसकी भूमि खसरा नंबर 562 खतौली मार्ग पर है। जिसमें उसका रकबा 410 मीटर है जबकि उसके पडोसी आसिफ का रकबा 205 मीटर है।

इस भूमि का एक वाद सहारनपुर मंडल कमिश्नर कोर्ट में विचाराधीन है। अब पडोसी तैय्यब उसे बहुत परेशानध कर रहा है। उसकी भूमि को संबंधित अधिकारियों को अपनी भूमि बताकर उस पर अवैध निर्माण करने का पूरा प्रयास कर रहा है। बीते कल भी उस पर अवेध रुप से निर्माण कार्य भी तैय्यब ने शुरु कर दिया था लेकिन मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने काम रुकवा दिया था। बुढाना एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा ने भाकियू नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस पूरे मामले की जांच कराएंगे। यहां पर पीडित ने हल्का पटवारी की भी शिकायत की। इस दौरान भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान और तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार आदि भाकियू कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त दौरे से पूर्व सभी व्यवस्थाएं की दुरुस्त

## डीएम ने कलेक्ट्रेट व एडीएम ने पालिका का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर मंडल आयुक्त रुपेश कुमार के वार्षिक निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट व नगर पालिका सहित सदर तहसील में मैं व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई है। सरकारी दफ्तर और यहां पत्रवलियों के सही रखरखाव के लिए कर्मचारी देर रात तक तैयारी में जुटे रहे।

दरअसल 13 फरवरी को सहारनपुर मंडल आयुक्त रूपेश कुमार का वार्षिक निरीक्षण प्रस्तावित है उनके आगमन से पूर्व जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार और विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्था पर की तो वही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार सिंह ने अधिशासी अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा सिंह के साथ नगर पालिका पहुंचकर यहां का निरीक्षण करते हुए फाइलों के रख-रखाव, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडलायुक्त के दौरे से पहले सभी अभिलेख सुव्यवस्थित और अद्यतन रहें। डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहे रंगाई-पुताई कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कचहरी परिसर में खड़ी चार पहिया गाड़ियों की अव्यवस्थित पार्किंग को देखकर जिलाधिकारी नाराज हो गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने और परिसर को व्यवस्थित रखने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई के साथ-साथ यहां पार्किंग की सही व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

## श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल में मनाया गया आशीर्वाद समारोह

**तितावी।** एस डी एस पब्लिक स्कूल तितावी में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का आशीर्वाद समारोह एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया स मिस फेयरवेल कक्षा 12 कॉमर्स से कुमारी अपूर्वा एवं मिस्टर फेयरवेल कक्षा 12 साइंस से ख्रषपाल को चुना गया । मुख्य अतिथि

विद्यालय के निदेशक डॉ विपिन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी आगामी इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने छात्र छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। बोर्ड परीक्षाओं के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। विद्यालय के अधिशासी समन्वयक प्रवीण पुंडीर ने कहा कि कक्षा 12 के उपरांत ट्रेडिशनल कोर्स एवं प्रोफेशनल कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकते हैं।कक्षा बारह के छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया। फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं द्वारा सांस्ख्र तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव शेयर किया एवं बताया की हमने कभी नर्सरी क्लास में इस विद्यालय में प्रवेश लिया था और आज हम कक्षा 12 के बाद इस विद्यालय को छोड़ रहे हैं स विदाई समारोह में कई छात्र भावुक भी हो गए। इस अवसर पर दीवान सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तरसपाल पुंडीर पीटी उषा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती उषा सिंह एवं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिय

# दो साल बाद चली मशीनें: कड़ी सुरक्षा में अशोका मार्केट की सड़क बनी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अशोका मार्केट की गली संख्याख्र4 में करीब दो वर्षों से ठप पड़ा सड़क निर्माण कार्य गुरुवार को प्रशासनिक सख्ती और भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच दोबारा शुरू करा दिया गया। लंबे समय से अतिक्रमण और आपसी खींचतान के कारण अटका यह प्रोजेक्ट अचानक रफ्तार पकड़ता नजर आया, जिससे दिनभर बाजार और आसपास के इलाके में चर्चाओं का दौर चलता रहा। सुबह नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने स्थानीय थाने पहुंचकर सुरक्षा बल की मांग की। कोतवाल दिनेश चंद्र से वार्ता के बाद मौके पर तत्काल पुलिस बल तैनात किया गया। आमतौर पर फोर्स की कमी का हवाला देने वाली पुलिस ने इस बार चार उपनिरीक्षकों और लगभग दस सिपाहियों को मौके पर लगाया। तहसील प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार राजीव त्यागी को भी निगरानी के लिए भेजा गया। अधिकारियों की मौजूदगी में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। अतिक्रमण को लेकर पहले से विवादित इस क्षेत्र में गुरुवार को औपचारिक रूप से हटाने की प्रक्रिया अपनाई गई, हालांकि बड़े स्तर पर तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की गई। सुरक्षा घेरे में जेसीबी और मजदूरों ने काम शुरू किया और दिनभर निर्माण कार्य शांतिपूर्वक चलता रहा। अधिशासी अधिकारी और नायब तहसीलदार लगातार मौके पर डटे रहे।



अचानक शुरू हुए निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कुछ इसे राजनीतिक दबाव का असर बता रहे हैं, तो प्रशासन का दावा है कि यह लंबित विकास कार्य को नियमानुसार आगे बढ़ाने की कार्रवाई है। फिलहाल दो साल से अधर में लटकी सड़क के बनने की शुरुआत से क्षेत्रवासियों में राहत की उम्मीद जगी है, लेकिन अतिक्रमण के मुद्दे पर पूरी स्पष्टता अभी बाकी है।

# भारत अमेरिका कृषि व्यापार समझौता किसान विरोधी : गुरमेल बाजवा

**भाकियू टिकैत ने रकार की कड़ी आलोचना की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भारत अमेरिका के मध्य हुए कृषि व्यापार समझौते को लेकर भाकियू टिकैत द्वारा कड़ा विरा.ेध किया गया हैं,राष्ट्रीय कार्यालय सें जारी निर्देश के बाद बृहस्पतिवार को भाकियू नेता गुरमेल बाजवा ने किसानो के साथ खेतो पर जाकर दोनों देशो के बीच हुए समझौते क्ी प्रतिया जलाकर विरोध दर्ज कराया।

पुरकाजी देहात के गांव भदौला निवासी भाकियू टिकैत के सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष गुरेमल बाजवा ने बताया क्ी भारत अमेरिका के बीच हुए ख्रषि व्यापार समझौते को लेकर सयुंक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रीय कार्यालय सें हुए निर्देश के बाद उन्होंने क्षेत्रके किसानो के साथ खेतो पर जाकर व्यापार समझौते क्ी प्रतिया जलाकर विरोध दर्ज कराया।और फिर जिलाध्यक्ष नवीन राठी के नेतृत्व में जिला. धिकारी को प्रधानमंत्रे के नाम ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन कर इस समझौते को रद्द करने क्ी मांग क्ी गई।



गुरमेल बाजवा ने बताया क्ी मोदी सरकार किसान विरोधी हैं जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।किसान नेता गुरमेल बाजवा के नेतृत्व में सरदार बलकार सिंह, दिलबाग सिंह, प्रीत बाजवा आदि ने खेत पर जाकर सरकार क्ी नीतियों का हमारा खेत हमारा अधिकार क्ी प्रतिया लेकर भारी विरोध प्रकट किया।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में खतौली बार का प्रदर्शन

**खतौली।** रामपुर जनपद में अधिवक्ता श्री फारुख अहमद खान की दिनदहाड़े हुई हत्या से आक्रोशित खतौली तहसील बार एसोसिएशन ने गुरुवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया। घटना को कानून व्यवस्था पर गंभीर आघात बताते हुए अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और हड़ताल रखी। तहसील परिसर में आयोजित शोकसभा में अधिवक्ताओं ने दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस तरह की घटनाएं न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों में भय का वातावरण पैदा करती हैं, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर दंड की मांग की।बार एसोसिएशन अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय और महासचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक ज्ञापन न्यायालय को सौंपा गया। ज्ञापन में आग्रह किया गया।

# शेखपुरा तिराहे पर कार भिड़ंत के बाद हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार को शेखपुरा तिराहे पर उस समय अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की कार की एक अन्य वाहन से हल्की टक्कर हो गई। मामूली साइड लगने की घटना ने कुछ ही देर में विवाद का रूप ले लिया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक विक्रम सैनी नेशनल हाईवे से सफेदा मार्ग होते हुए जानसठ की ओर जा रहे थे। शेखपुरा तिराहे के पास पीछे से आ रही एक कार उनकी गाड़ी से साइड से छू गई। टक्कर ज्यादा गंभीर नहीं थी, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दूसरी कार में सवार लोग गाड़ी रोककर बाहर आए और आपत्ति जताने लगे। देखते ही देखते बहस तेज हो गई और माहौल गरमा गया।

सड़क पर विवाद होते देख राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पूर्व विधायक को घिरा देख उनके समर्थक भी मौके पर पहुंच गए और कार सवारों को वहां से हटने को कहा। कुछ समय तक तनाव की स्थिति बनी रही, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ और वाहनों की कतार लग गई।

स्थिति बिगड़ती देख दूसरी कार में सवार लोग मौके से निकल गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और हालात सामान्य कराए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शेखपुरा तिराहा अक्सर जाम



और दुर्घटनाओं का केंद्र बना रहता है। यहां यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# अमेरिका से मुक्त व्यापार पर भाकियू ने जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भारत सरकार द्वारा अमेरिका से मुक्त व्यापार को किसान विरोधी बताते हुए भाकियू कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया है। किसानों ने खेत मे खडे होकर वर्तमान मुक्त व्यापार के विरुद्ध प्रदर्शन किया है।

भोपा क्षेत्र के गांव निरगाजनी के जंगल मे गुरुवार की शाम अनेक किसान भाकियू के नेतृत्व मे इकठा हुए। जहां किसानो ने खेत के बीच खडे होकर भारत अमेरिका मुक्त व्यापार का विरोध करते हुए हाथों पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी ने बताया की वर्तमान मे हुए मुक्त व्यापार समझौते मे किसान के हितो को नजर अंदाज़ किया गया है।इस समझौते से भारतीय किसानो को नुकसान होगा अमेरिका भारत के ख्र



षि उत्पादों पर भी 18 : टेरिफ़ लगाया है। जिससे अमेरिका मे भारतीय अनाज नहीं बिक सकेंगे। इसके उलट अमेरिका के उत्पाद बिना किसी टेरिफ़ के भारत मे सस्ते बिकेगे।इसके दूरगामी परिणाम किसानो के लिए घातक होंगे। अमे. रिका भारतीय कृषि उत्पादों को टेरिफ़ से बिलकुल मुक्त करे। भारत सरकार किसानो के हित मे इस समझोते को समाप्त करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिनेश राठी,अरविंद,मानसिंह,सहदेव, चरण सिंह,सोहन पाल, सतपाल,सतवीर, ब्रह्मपाल,विनोद, आशु आदि मौजूद रहे।

# मोरना में रालोद कार्यकर्ताओं ने मनाया चौधरी अजित सिंह का जन्मदिन

**मोरना।** रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा स्वर्गीय नेता चौधरी अजीत सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। तथा काँवड सेवा शिविरो में जाकर फलो का वितरण किया। मोरना स्थित महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय लोक दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इकठा होकर पार्टी के नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान ने चौधरी अजीत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वर्गीय नेता ने किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के विचारों व संघर्ष को गति प्रदान की।किसान हितो को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने कृषि व किसान की उन्नति के लिए हमेशा आवाज उठाई।उनका जीवन प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं



कार्यकर्ताओ ने क्षेत्र मे चल रहे कांवड सेवा शिविर में जाकर फलों का वितरण किया गया है। इस दौरान मुख्य रूप से सुंदर गुर्जर,विकास मुखिया, इरफ़ान अली अप्पी प्रधान,चाचा मुकीज़, नीटू ठेकेदार,नीशू,गौरव, राजीव रहमतपुर, मौ.कासिम,अमरजीत, फरमान, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में 30 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

**मीरापुर।** आयरा हॉस्पिटल मीरा. पुर में गुरुवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर में कुल 256 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई। अस्पताल के संचालक नईम चौधरी ने बताया कि यह शिविर महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई।

शिविर के दौरान मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां व आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। जांच के बाद 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। चयनित मरीजों को शुक्रवार सुबह 10 बजे महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून ले जाया जाएगा, जहां मरीजों के रहने, खाने, दवाइयों, चश्मा, लेंस एवं ऑपरेशन की सभी सुविधाएं पूर्ण रूप से नि:शुल्क



उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ फरदीन, डॉ आसिफ, डॉ गुलफाम, डॉ वसीम, डॉ रूबी, डॉ रियाज सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। सहयोगी स्टाफ में आयशा सिंह, सीमा, हिमानी सिंह, बुशरा, अलीशा, कहकशा, निक्की सिंह, नावेद शावेज, तैय्यब, रिहाना आदि ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर चेयरमैन जमील अहमद, तस्लीम प्रधान, अखलाक पूर्व प्रधान, इश्तियाक प्रधान, भाकियू क्रांति के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक भाटी, जोगेन्द्र चौधरी, अमित चौधरी, डॉ प्रवीण कुमार, जीशान शिवली, जानू अंसारी, दानिश कुरैशी, डॉ ताहिर कमर, हाफिज इदरीस, अयान राजपूत, फिरोज, सादिक चौहान, डॉ इलयास, डॉ सरताज बेग, सलीम सभासद, डॉ रियासत कुरैशी, डॉ रोहित, नईम मेंबर, अफजल चौधरी, शहनवाज तोमर, धर्मेंद्र सभासद, डॉ रियासत अब्बासी, सारिक प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन एसडीएम को सौपा ज्ञापन

जानसठ। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने मनरेगा की बहाली को लेकर विद्युत अधिनियम 2025 रद्द करने की हड़ताल के समर्थन में एसडीएम जानसठ को ज्ञापन सौपा है।अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार पर आरोप लगाया की केन्द्र की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार कारपोरेट घराने को लाभ पहुंचाने की नीतियों को लागू कर देश की गरीब जनता लगातार हमला कर रही है और कहा कि तानाशाही पूर्ण रवैये से कृषि कानूनो की तरह मनरेगा ग्रामीण मजदूरो खेत मजदूरो पर बड़ा हमला है इस तरह 29 श्रम कानून को समाप्त कर लेबर कोड लागू कर यूनियन बनाने की अधिकार पर बड़ा हमला किया है विद्युत अधिनियम 2025 लागू कर बिजली के निजीकरण का रास्ता खोला है बीज अधिनियम के किसानों पर हमला किया है इन हमलों के चलते किसान खेत मजदूर व मजदूर के पास संघर्ष करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। वहीं उन्होंने सरकार से मांग की की किसानों की फसलों की एम एस पी लागू करो आवारा पशुओं पर रोक लगाओ आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकत्रियो का वेतन बढ़ाओ लेबर कोर्ट को बहाल करो आशाओं व भोजन माताओ का वेतन बढ़ाओ संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए।तो वही बिजली का निजीकरण बंद करो पुरानी पेंशन बहाल करो आदि मांग की है। इस दौरान धर्म सिंह अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## कैटरिंग ठेकेदार ने दिया बीएसए आफिस में धरना

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर गुरुवार को कैटरिंग ठेकेदार ने धरना दिया। ठेकेदार ने बीएसए कार्यालय द्वारा उनके कार्यों का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। उक्त ठेकेदार ने बीएसए से मिलकर जल्द बकाया भुगतान करने की मांग की है। धरने पर बैठे ठेकेदार शाहनवाज ने बताया कि रियल इंटरप्राइजेज नाम से उनकी फर्म है, एक अप्रैल 2025 को स्कूल चलो अभियान के दौरान उन्होंने कैटरिंग का कार्य किया था। डेढ़ लाख रुपये में काम तय हुआ था, जिसमें एक लाख रुपये विभाग पर बकाया है। बीएसए संदीप कुमार का कहना है कि मामले को दिखवाकर हल कर दिया जाएगा।

# दुर्गा माता के वार्षिकोत्सव में जुटे साधु संत जनप्रतिनिधि व अधिकारी

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में मां शाकंभरी देवी संस्थान द्वारा दुर्गा माता मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ हवन यज्ञ व पूजन आरती के साथ किया गया।इस दौरान आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर मे मुफ्त चश्मो सहित ओषधि का वितरण किया गया व विशाल भंडारे मे भोजन प्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम मे पहुंचे राष्ट्रीय संत माधवानन्द महाराज ने कहा की संतो का सानिध्य से धार्मिक संस्कार प्राप्त होते हैं।तथा मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है।सनातन ने ब्रिव को शान्ति,दया व कल्याण का संदेश दिया है। साधु संतो का जीवन जगत कल्याण को समर्पित होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की शुकतीर्थ की पावन भूमि पर सहस्रो वर्षो से अनेक ;षियों ने जन्म लेकर जप व तप किया है। ऐसी पावन धरती पर आगमन बड़े सौभाग्य की बात है। आश्रम की संचालिका राधा माता ने कहा की मां का हृदय कोमल होता है। वह अपनी संतान की सबसे बड़ी हितेषी होती है। माता रानी अपनी कृपा से भक्तों को कभी निराश नहीं करती हैं।कथा व्यास अजय कृष्ण शास्त्री ने विशेष पूजा सम्पन्न कराई। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार तेवतिया, मितेश्वरानन्द महाराज, बीके प्रवेश दीदी,बीके श्रवण कुमार,विनोद शर्मा, डॉ. संजू शर्मा,मंडल अध्यक्ष भाजपा अरुण कुमार, देव्यानी शर्मा, ज्ञान सिंह सैनी,उदित चौधरी,सुनीता शर्मा, रूपा शर्मा आदि उपस्थित रहे। साथ ही आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर मे डॉ. हिमांशु जौहरी, डॉ.स्वाति डॉ.शैलेश, पीयूष,बलजीत मौजूद रहे




# बाल विवाह को लेकर हुआ जागरुकता प्रोग्राम

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को डीएम उमेश मिश्रा व सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देश पर बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के ग्राम भसाना में स्थित ब्राइट फ्यूचर एकेडमी में बाल विवाह मुक्त मुज़फ्फरनगर के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया एवं बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है। जिसमें 02 वर्ष की सजा व 01 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भारत में शादी के लिए लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी



की आयु 18 वर्ष है। उक्त कार्यक्रम में एकेडमी प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता त्यागी एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उपहार भेंट किये गए। बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण व स्वावलंबन के लिए जिला बाल सरंक्षण अधिकारी संजय कुमार एवं बाल कल्याण समिति सदस्य डाक्टर राजीव कुमार द्वारा उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन की मजबूती पर की चर्चा

**मुजफ्फरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी (चिकित्सा प्रकोष्ठ) के कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यपाल कटारिया ने की तथा संचालन प्रांतीय महासचिव डॉ. मुर्तजा सलमानी ने किया। अतिथियों ने जनसेवा को कांग्रेस पार्टी की मूल विचारधारा बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है।

बैठक के दौरान वरिष्ठ पदा. धिकारियों एवं बुजुर्ग कार्यकर्ताओं को पगड़ी एवं फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके लंबे समय से संगठन और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदान किया गया।

इसी अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष




तौसीफ अहमद ने अपनी टीम के चिकित्सकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

बैठक में दिनेश पाल, नौशाद अली, हर्षवर्धन त्यागी, जगदीश अरोरा, हरेंद्र त्यागी, मौहम्मद तारिक कुरैशी, नानू मियां, शाहनवाज, सद्दाम सलमानी, खालिद सिद्दीकी, एमए. अख्तर, जुनैद राव, अमान तनवीर, मोहम्मद कामिल, मोहम्मद फरमान, सैयद अहमद अली, फरीद साहब, जुबेर, वैभव गोयल, विपुल यादव, नावेद अली ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# डायट सभागार में हुआ जनपदीय बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह

**मुजफ्फरनगर।** जनपदीय बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह 2025-26 कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर के सभागार में किया गया।

जनपदीय बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह 2025-26 कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, मीनाक्षी स्वरूप, विश्व दीपक त्रिपाठी प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजीव कुमार प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, संदीप कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा अंकुर कुमार व एआरपी उषा रानी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा अपने संबोधन में बताया की जो विचार धाराए बच्चों द्वारा अभिव्यक्त की गई, बच्चों के बोलने के तरीके, उनके आत्मविश्वास को देखकर/सुनकर बहुत अच्छा लगा, शिक्षा का अधिकार सबके लिए समान है, चाहे वह लड़का हो अथवा लड़की। बच्चे अच्छी प्रकार से पढ़ें, अपने गुरुओं और घर पर अपने माता-पिता कीआज्ञा का पालन करते हुए उनका सम्मान करें, यदि ऐसा करते हैं तो वें जीवन में सदैव सफल रहेंगे। बच्चों को हाइजीनिक सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि अपने घर में व घर के बाहर की और नालियों की साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। यदि साफ- सफाई संबंधी कोई दिक्कत आती है तो उनसे दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है, नगर पालिका परिषद नगर की साफ-सफाई के प्रति सदैव तत्पर है। साफ-सफाई में अपना पूर्ण योगदान दें। नगर साफ और स्वच्छ होगा तो हम सब बीमारियों से भी मुक्त रहेंगे।

उत्सव के दौरान जिला स्तरीय ष्मेरे बदलाव की कहानी और कॉमिक मेर्. कंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विकास खण्डों में संचालित विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा




का प्रदर्शन किया।

बेहतर प्रदर्शन के लिए विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। 5 चयनित कामिक बुक व 5 मेरे बदलाव की कहानी को आगामी दिनों में मंडल स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें चयनित बच्चे प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में अध्यापकों, जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और मीना मंच कार्यक्रम के नोडल शिक्षक- शिक्षिकाओं को भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि यह बाल उत्सव विद्यार्थियों में स्वाभिमान, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रशासन ने की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के 31 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।






बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण परीक्षा है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ कार्य करें। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं अन्य प्रतिबंधित उपकरण पूर्णत: वर्जित रहेंगे। उन्होंने प्रश्नपत्रों को समय से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तथा समुचित सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानक. ारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारी समन्वय बनाकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं। डीआईओएस ऐश्वर्या जायसवाल एवं डॉ। अमित मलिक ने बताया कि जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक आयोजित होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी, जिसमें प्रथम पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित की जाएगी। जनपद में हाईस्कूल के 12,462 तथा इंटरमीडिएट के 11,743 सहित कुल 24,205 परीक्षार्थी 31 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है तथा सभी परीक्षा केंद्रों को जनपद एवं राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से ऑनलाइन जोड़ा गया है। बैठक में एएसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम शामली अर्चना शर्मा रहे।

## छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालयमें राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस, इकाई के सात दिवसीय विशेष शि. विर के द्वितीय दिवस की शुरुआत स्वयंसेविकाओं द्वारा सफाई, प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के सामूहिक गान से हुई।प्रथम सत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई, जो नगर के मोहल्ला रायजादगान व गुजरान मोहल्ला होते हुए शिविर स्थल पर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू ने किया।

इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अरशी ने प्रथम, महक ने द्वितीय व अंजुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय सत्र में लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी विषय पर व्याख्यान में डॉ. बृजेश कुमार राठी ने छात्राओं को मतदाता बनने व जागरूक मतदान की प्रेरणा दी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण करने वाली छात्राओं से वोटर कार्ड बनवाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान दर्जनों छात्र एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारियों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज को ज्ञापन सौंपकर महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश के किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में शून्य आयात शुल्क के साथ प्रवेश देने का प्रावधान किया गया है। संगठन ने इसे देश के किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी कृषि और सहायक क्षेत्रों पर निर्भर है। ऐसे में विदेशी कृषि उत्पादों के बिना शुल्क प्रवेश से स्थानीय किसानों की प्रतिस्पर्धा क्षमता प्रभावित होगी। किसान संगठन ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उस वक्तव्य



का भी उल्लेख किया, जिसमें किसानों के हितों की रक्षा की बात कही गई थी। संगठन के पदाधिका. रियों ने कहा कि सरकार को किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए इस समझौते पर पुनर्विचार करना चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि समझौते के तहत भारत को प्रतिवर्ष अमेरिका से बड़ी मात्रा में सामान खरीदना होगा, जिसकी अनुमानित कीमत 103 अरब डॉलर बताई गई है। संगठन ने इसे देशहित के विपरीत करार देते हुए राष्ट्रपति से समझौते पर रोक लगाने और आमजन को राहत देने की मांग की। इस दौरान चौधरी प्रदीप सिंह (प्रदेश अध्यक्ष), मदनपाल (प्रदेश महामंत्री), डॉ. सत्यपाल सिंह कश्यप (जिलाध्यक्ष, शामली) समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषक गोष्ठी में गन्ना उत्पादन बढ़ाने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव टोडा मेंसुपीरियर फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड ऊन की ओर से कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना किसानों को नई प्रजातियों की बुवाई, पेडी प्रबंधन तथा रोग नियंत्रण के आधुनिक तरीकों की जानकारी देकर उत्पादन बढ़ाने का आ]वान किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ। विकास मलिक ने किसानों को पेडी प्रबंधन ‍‍द्धरैटून मैनेजमेंटत्रः के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही देखभाल से पेडी फसल में लागत कम और उत्पादन अधिक लिया जा सकता है। उन्होंने टैन्च विधि से बुवाई करने की सलाह देते हुए बताया कि इससे जल संरक्षण के साथ-साथ पौधों की बढ़वार भी बेहतर होती है। डॉ। मलिक ने गन्ने की उन्नत प्रजातियां सीओ-0118, सीओएलके- 16202, सीओएस-18231 तथा सीओएस-19231 की बुवाई अपनाने पर जोर दिया। टोप बोरर की रोकथाम के लिए फोरोमोन ट्रैप और लाइट ट्रैप के उपयोग की जानकारी भी दी। विरेंद्र पवार (आईपीएल) ने बुवाई से पहले



ट्राइकोडर्मा (संजीवनी) के प्रयोग पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इसके उपयोग से लाल सड़न रोग से बचाव संभव है और अंकुरण भी बेहतर होता है। वहीं नरेंद्र कुमार (एमबीएफ) ने किसानों को बेसल डोज के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना बुवाई और पेडी प्रबंधन के दौरान संतुलित मात्रा में उर्वरक देना आवश्यक है, तभी फसल स्वस्थ रहेगी। गोष्ठी में मिल की ओर से सतेंद्र सिंह, संतोष सिंह सिद्धू, गौरव तोमर, विकास कुमार सहित मिल स्टाफ मौजूद रहा। किसानों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं।

## एक नजर

### थानाभवन में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बृहस्पतिवार को थाना भवन थाने में आगामी रमजान और होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह रावत ने की। उन्होंने त्योहारों के दौरान शांति, सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रमजान और होली दोनों ही आपसी प्रेम और एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं। क्राइम इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने भी पुलिस की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सभासद राजवीर उर्फ लाला, अल्ताफ भैसानी, मुकम्मिल पहलवान भैसानी, इसरार मसावी, प्रधान मोर माजरा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निजीकरण के विरोध में कर्मियों का कार्य बहिष्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** निजीकरण तथा इलेक्ट्रिसिटी बिल के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर गुरुवार को शामली में बिजली कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कर्मचारी, इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, टीजी-2 एवं कार्यालय कर्मी शामिल रहे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश में बिजली निजीकरण की प्रक्रिया वापस नहीं ली गई और टेंडर जारी किए गए तो समस्त बिजली कर्मचारी सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगे। साथ ही संसद में इलेक्ट्रिसिटी बिल पारित करने का प्रयास होने पर देशभर में लाइटनिंग स्ट्राइक की भी चेतावनी दी गई। प्रदर्शनकारियों ने पावर सेक्टर के निजीकरण का विरोध करते हुए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने, आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हित में नहीं है। इस दौरान संघर्ष समिति के संयोजक शशांक शेखर सहित विभिन्न संगठनों के पदा. धिकारी व बड़ी संख्या में बिजली कर्मी मौजूद रहे।

### भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में दिनांक 13 फरवरी तक आयोजित अभियान

**शामली।** इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक के LDO द्वारा की गई। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजिंदर पॉल, पीएनबी आरसेटी शामली के निदेशक अमित रस्तोगी तथा नाबार्ड NABARD के डीडीएम निलय Shri Awadesh Kumar Manager½ विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जिले के एलडीएम अनिल कुमार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को KYC अद्यतन कराने, सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं के उपयोग, डिजिटल लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों तथा बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समय पर KYC अद्यतन कराना प्रत्एक ग्राहक के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा यह सुरक्षित और सुदृढ़ बैंकिंग व्यवस्था की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है।

# नलकूपों पर चोरों का धावा, किसानों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव हरड़ फतेहपुर में चोरों ने किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए स्टार्टर केबल, मशीन उपकरण और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। एक साथ कई नलकूपों पर हुई इन वारदातों से क्षेत्र के किसानों में दहशत और रोष व्याप्त है।बृहस्पतिवार को

गांव निवासी अमित पुत्र नरेश ने थाना भवन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनके नलकूप सहित गांव के अन्य किसानोंकृजितेंद्र पुत्र राजकुमार, सतीश पुत्र चंद्रभान, किरण पाल पुत्र बेनी सिंह, राजकुमार पुत्र डिप्टी, पवन पुत्र मुरली, सतपाल पुत्र गुलाब, सनी पुत्र सूरजभान और देवेंद्र पुत्र राज सिंहकृके नलकूपों से चोरों ने स्टार्टर केबल, फावड़ा मशीन एवं अन्य उपकरण चोरी कर लिए। किसानों का अनुमान है कि चोरों ने पहले क्षेत्र की रेकी की और फिर देर रात वारदात को अंजाम दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही किसानों में आक्रोश फैल गया। उनका कहना है कि इससे पहले भी



क्षेत्र में इस प्रकार की चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन अब तक आरो. पियों का खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार हो रही घटनाओं से किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर चिंता सता रही है।

तहरीर के आधार पर थाना भवन पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। किसानों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## नाले की पटरी पर मिला नवजात का भ्रूण

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल में गुरुवार को नाले की पटरी पर एक नवजात का भ्रूण पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सड़क से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब उस पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना मोहल्लेवासियों को दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। मोहल्ले के लोगों के अनुसार प्रथम .ष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी अविवाहित युवती द्वारा गर्भपात कराने के बाद भ्रूण को यहां फेंक दिया गया है। हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद लोगों के बीच इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।मोहल्लेवासियों ने नवजात के भ्रूण को दफना दिया। इस संबंध में जब थाना प्रभारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मामले की जानकारी से इंकार किया।गौरतलब है कि इससे पहले भी पिछले महीने पूर्वी यमुना नहर की पटरी पर नवजात का भ्रूण मिलने की घटना सामने आ चुकी है। लगातार इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को समाप्त करे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को भाकियू के पदाधिकारियों ने शामली कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम अरविन्द कुमार चौहान को सौंपकर अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग की।



भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि 12 फरवरी को देशभर के किसान संगठन धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन के माध्यम से इस समझौते का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रस्तावित व्यापार समझौता किसान विरोधी है और इससे देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि सोयाबीन, मक्का, गेहूं, डेयरी उत्पाद और दालों पर आयात शुल्क कम किया गया तो भारी सब्सिडी और मशीनीकृत खेती वाले अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते दामों पर आएंगे, जिससे पहले से एमएसपी की लड़ाई लड़ रहे भारतीय किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएंगे।

भाकियू ने डेयरी क्षेत्र पर भी चिंता जताते हुए कहा कि भारत का डेयरी मॉडल छोटे व सीमांत किसानों की सहकारी व्यवस्था पर आधारित है। ऐसे में अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आयात से लाखों दुग्ध उत्पादक परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। संगठन ने यह भी आशंका जताई कि व्यापार संतुलन के नाम पर कृषि सब्सिडी में कटौती और सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव बढ़ सकता है, जिससे एमएसपी व्यवस्था, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ेगा। इसके अलावा बीजों पर कॉरपोरेट नियंत्रण बढ़ने से किसानों की पारंपरिक बीज स्वतंत्रता प्रभावित होने की बात भी कही गई। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि यह समझौता केवल व्यापार का मुद्दा नहीं, बल्कि किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार, खाद्य सुरक्षा और राष्ट्रीय आर्थिक स्वायत्तता से जुड़ा विषय है। उन्होंने केंद्र सरकार से अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को तत्काल रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, मास्टर जाहिद, मोहित शर्मा, कपिल खाटियान, बाबा शोकेन्द्र सिंह, अमरपाल बालियान, विरेन्द्र, इमरान, उदयवीर सिंह, कविता चौधरी, योगेन्द्र पंवार, मुम्मकिल पहलवान आदि मौजूद रहे।

# किशोर न्यायालय में हत्या के विरोध में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** जिला रामपुर में बार एसोसिएशन के सदस्य फारूक अहमद खान की किशोर न्यायालय में गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं में रोष है अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सोपा जिसमें दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई है। रामपुर में 11 फरवरी को जिला पंचायत कार्यालय किशोर न्यायालय पर अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसकी सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में रोष फैल गया तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक बुलाई गई उसके बाद अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को सोपा जिसमें घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने साथ ही उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग शामिल है। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह महासचिव सोनू कल्याण जसवीर सोदाई शादाब खान नवीन सरोहा मनिका गर्ग कपिल स्वामी अजेंद्र सिंह यशवीर सुरेंद्र सिंह अनुज वशिष्ठ दक्ष शेरवाल आदि शामिल रहे।

# विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 320 की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल द्वारा गुरूवार को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में कुल 320 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी डॉ। ऋषभ जैन ने नाक, कान एवं गले से संबंधित रोगों की जांच कर परामर्श दिया तथा निशुल्क एंडोस्कोपी सेवाएं प्रदान कीं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ। कनिका ने महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में परामर्श दिया। वहीं मेदांता हॉस्पिटल से पूर्व में संबद्ध रहे डॉ।



मुरली मनोहर ने सामान्य रोगों के मरीजों का परीक्षण कर उपचार संबंधी सलाह दी। हॉस्पिटल के निद. ेशक कुशांक चौहान ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य शामली में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क परामर्श शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

## विवादित भूमि की शिकायत डीएम से की

**शामली।** टपराना निवासी साजेब पुत्र सईद खां ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद विपक्षी पक्ष द्वारा मौके पर पहुंचकर विवाद की स्थिति बनाई जा रही है।शिकायत में बताया गया है कि पिता सईद खां समेत अन्य द्वारा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट मुजफ्फरनगर में सिविल वाद दायर की गई थी, जिसमें न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए गए हैं। आरोप है कि विपक्षीगण मौके पर पहुंचकर झगड़े की स्थिति उत्पन्न करते हैं, वीडियो बनाते हैं तथा विवादित भूमि पर कब्जा करने की धमकी देते हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। थाना झिंझाना में भी शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डीएम से हस्तक्षेप कर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# जयंती पर चौ. अजित सिंह को श्रद्धासुमन किए अर्पित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत अध्यक्षा राव मुशयदा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम मे उनके पति समाज सेवी हाजी राव जमशेद ने कहा स्व. चौधरी अजीत सिंह ने कभी स्वयं को बड़ा नेता नहीं माना, बल्कि हमेशा किसानों का संरक्षक और किसानों को अपना अभिभावक माना। यही उनकी सादगी, यही उनका बड़प्पन और यही उनकी असली पहचान थी। आज वे सशरीर हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनकी सोच और उनकी राजनीति की विरासत बेहद विराट है। यह विरासत केवल शब्दों में नहीं, बल्कि खेत-खलिहानों की मिट्टी में बसती है, किसानों और मजदूरों की उम्मीदों में बसती है, हर उस आवाज में बसती है जो अपने हक के लिए खड़ी होती है। पूर्व जिला परिषद सदस्य वेदपाल गहलोत ने कहा चौधरी साहब ने हमेशा किसानों की बेबाक आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और किसान, मजदूर व आमजन के सम्मान को सर्वोपरि रखा। आज उनकी जयंती पर हम सबका दायित्व है कि उनके सिद्धांतों, संघर्ष और सेवा भाव की इस विरासत को मजबूती से आगे बढ़ाएं और किसान हित की आवाज को और बुलंद करें। किसानों की बेबाक आवाज, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करते है कार्य क्रम मे राव अंसार अनिल कुमार राव इरफान, इरशाद अंसारी हाजी इकबाल अर्थर सिद्दीकी, ऋषि पाल सैनी, आदि मौजूद रहे।

## चौ. अजित सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को रालोद के जिला कार्यालय पर किसान नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व चौधरी अजीत सिंह की जयंती के अवसर पर हवन कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने की। इस दौरान वक्ताओं ने स्व। अजीत सिंह के जीवन, उनके राजनी. तिक संघर्ष, किसान हितैषी नीतियों, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि स्व। चौधरी अजीत सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया। उन्होंने सिद्धांतों की राजनीति को प्राथमिकता दी और किसान हितों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को संगठन की ताकत बनाने का आ]वान किया। पूर्व विधायक राव वारिस ने कहा कि स्व। अजीत सिंह किसानों की आवाज को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में लाने वाले नेता थे। उन्होंने ग्रामीण भारत की समस्याओं को मजबूती से संसद तक पहुंचाया। उनका संघर्ष और स्पष्ट सोच आज भी प्रेरणादाई है। विजय कौशिक ने कहा कि स्व। अजीत सिंह सामाजिक न्याय, भाईचारे और समावेशी विकास के समर्थक थे। उन्होंने हर वर्ग को साथ लेकर चलने की राजनीति की। नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में धर्मवीर चेयरमैन, अरविंद झाल, लबनान चौधरी, डॉ। मुबारक अली, सरोज मलिक, राजेंद्र वर्मा, बाबूराम पंवार, राज सिंह कश्यप, अमित लांक, देवानंद गौड़, बिजेंद्र मलिक, परमेंद्र नम्बरदार, रामकुमार वर्मा, सतबीर, आसू खान, जावेद खान, विकास धीमान, नजाकत खान आदि मौजूद रहे।

# गोशाला के नाम पर ऑनलाइन वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन मंडी स्थल स्थित कान्हा गौशाला के संचालक ने गौशाला के नाम का उपयोग कर ऑनलाइन अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

कान्हा गौशाला नवीन मंडी स्थल के संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि रतन एकता ट्रस्ट द्वारा पिछले छह वर्षों से गौशाला का संचालन किया जा रहा है। आरोप है कि एक अन्य संस्था गौशाला के नाम से मिलते-जुलते नाम का प्रयोग कर सोशल मीडिया और वेबसाइट पर गौशाला के फोटो व वीडियो अपलोड कर लोगों से ऑनलाइन व नकद सहयोग के नाम पर धनराशि एकत्र कर रही है।

शिकायत में कहा गया है कि उक्त संस्था व्हाट्सएप ग्रुप और वेबसाइट के माध्यम से यह प्रचार कर रही है कि गौशाला में हरे चारे, भूसे और श्रमिकों की कमी है, जबकि वास्तविकता इससे अलग बताई गई है। संचालक का कहना है कि गौशाला में नियमित रूप से हरे चारे और भूसे की व्यवस्था की जाती है तथा श्रमिक भी कार्यरत हैं। गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और समय-समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जाता रहा है। आरोप लगाया कि उक्त संस्था द्वारा गौशाला के नाम पर शहर में भी लोगों से सहयोग राशि ली जा रही है, जिससे गौशाला की छवि खराब हो रही है और मानसिक उत्पीड़न की स्थिति बन रही है। उन्होंने डीएम से मामले की जांच कराते हुए संबंधित संस्था को ब्लैकलिस्ट करने तथा आईटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# सड़क हादसा: पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, चालक फरार



**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना रोड पर रेलवे फाटक के पास एक पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल की पहचान मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कसरेवा निवासी असलम के रूप में हुई है। वह बाइक से कस्बे में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। गुरुवार को वापस गांव लौटते समय जैसे ही वह बुढ़ाना मार्ग के रेलवे फाटक के पास पहुंचा, सामने से आ रही पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दूसरी और क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी प्रीतम सिंह, जो कस्बे के एक स्कूल में शिक्षक हैं,साइकिल से स्कूल जाते समय दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका उपचार मेरठ के आनंद अस्पताल में चल रहा है।गुरुवार को पीड़ित के भाई धनपाल ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोनों मामलों में फरार वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

# ठगी के शिकार युवक के 15 हजार रुपये कराए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र में साइबर ठगी के शिकार एक युवक को पुलिस की सक्रियता से बड़ी राहत मिली है। थाना थानाभवन की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 15,000 रूपए वापस उसके खाते में जमा करा दिए। पुलिस की इस तत्परता की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना भवन क्षेत्र के ग्राम भैसानी इस्लामपुर निवासी नदीम पुत्र आस मोहम्मद के यूनियन बैंक खाते से 15,000 रूपए की अवैध निकासी कर ली गई थी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 एवं ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशानुसार साइबर अपराधों में गंवाई गई धनराशि की वापसी के अभियान के तहत थाना थानाभवन की साइबर सेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित बैंक से संपर्क किया। बैंक के सहयोग से संदिग्ध लेन-देन को होल्ड कराया गया और आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए 15,000 रूपए की पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।



थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते धनराशि को होल्ड कराकर वापस कराया जा सके।

धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित नदीम ने पुलिस अधीक्षक शामली, थाना थानाभवन साइबर सेल एवं साइबर थाना जनपद शामली का आभार व्यक्त किया।

# मार्ग अवरोध पर विवाद में प्रधान प्रत्याशी से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के चार लोगों पर मार्ग अवरोध को लेकर हुए विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव भनेडा निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह गांव में प्रधान पद का प्रत्याशी है और आगामी चुनाव की तैयारी कर रहा है। पीड़ित के अनुसार, वह विगत बुधवार की शाम अपनी कार से कस्बे से गांव लौट रहा था। रास्ते में गांव का एक व्यक्ति जेसीबी मशीन से ट्यूबवैल दबाकर मार्ग अवरुद्ध कर रहा था।जब पीड़ित ने वाहन से उतरकर रास्ता देने की बात कही, तो आरोपी आगबबूला हो गए। आरोप है कि गांव के ही प्रशांत, नागेंद्र, प्रदीप व सीतामपाल ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए, गले से सोने की चेन तोड़ ली और जेब से 11 हजार रूपए निकाल लिए।पीड़ित किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। बृहस्पतिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में कैराना में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रामपुर जनपद में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में गुरुवार को कैराना तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।अधिवक्ताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें फांसी की सजा दिलाने की मांग की। साथ ही अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम द्धएडवोकेट प्रोटेक्शन एक्टञ्ज को तत्काल लागू करने की मांग उठाई। तहसील परिसर में एकत्रित अधिवक्ताओं ने प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। रामपुर की घटना को निंदनीय बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि दोषियों को जल्द कड़ी सजा नहीं मिली तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम निधि भारद्वाज से मिला और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि हत्या के आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर शीघ्र फांसी की सजा दिलाई जाए। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून को अविलंब लागू किया जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मनाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत ग्राम मंसूरा में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग, केवाईसी और डिजिटल फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी गई। शिविर में पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड राजेंद्र पॉल ने केवाईसी को बैंक खाते की सुरक्षा के लिए जरूरी बताते हुए युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। एलडीएम ऋषभ सक्सेना ने कहा कि अपडेटेड केवाईसी बैंक खातों को धोखाधड़ी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की। नाबार्ड के डीडीएम निलय वत्स ने एपीके फाइल के माध्यम से होने वाले डिजिटल फॉड से सावधान रहने को कहा, जबकि अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार ने केवाईसी को बैंक और ग्राहक के बीच विश्वास का आधार बताया। क्रिसिल फाउंडेशन की शीजा खानम ने बचत, बजट और निवेश के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों व ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

# सत्यापन में तेजी लाएं बीएलओ: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील सभागार कक्ष में गुरुवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज की अध्यक्षता में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की बैठक हुई। बैठक में निर्वाचन संबंधी कार्यों, विशेषकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण द्धएसआईआरञ्ज और मैपिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में डोर-टू-डोर जाकर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।



समयबद्धता और शुद्धता के साथ कार्य पूरा करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मैपिंग कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी या प्रशासनिक समस्याओं को लेकर कर्मचारियों को तत्काल उच्चाधिकारियों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्य में बाधा न आए। एसडीएम ने बीएलओ व सुपरवाइजरों से अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन से संवाद बनाने और शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने को कहा। बैठक में निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। अंत में उन्होंने सभी कार्मिकों से पूर्ण जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

# विराट हिंदू सम्मेलन में एकता और संस्कृति पर दिया गया जोर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के बस स्टैंड स्थित आर्य समाज मंदिर में बृहस्पतिवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संत स्वामी विवेकानंद महाराज, संत डॉ. गौतम नाथ जी और भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मेलन को संबो. धित करते हुए भूपेंद्र सिंह ने भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व और सामाजिक मूल्यों पर विस्तार से विचार रखे।

उन्होंने आर्य समाज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज में जागरूकता और एकता का संदेश दिया। उन्होंने हहम बदलेंगे, युग बदलेगा का आह्वान भी किया। संत डॉ. गौतम नाथ जी ने अपने संबोधन में सनातन धर्म की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि समाज को जातिवाद से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए। उन्होंने गौ संरक्षण और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता बताई। संत स्वामी विवेकानंद महाराज ने हिंदू समाज में एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज में अनेक जातियां हैं, लेकिन सभी को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांि. कत करते हुए बच्चों को संस्कारयुक्त और उच्च शिक्षा देने की अपील की। साथ ही उन्होंने सामाजिक समरसता, गौ संरक्षण और धार्मिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में आर्य समाज की भूमिका पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर रमेश गौड़ कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल, सतेन्द्र तोमर, अशोक बहादुर गोयल, विनोद संगल, सुनील बंसल, शिवकुमार सैनी, अर्जुन शर्मा, राजेंद्र सिंह, रजनीश, अजय बंसल, सतीश कश्यप, छोटू सैनी सहित कस्बे के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# अमित गर्ग बने शामली नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक प्रांतीय मुख्यालय सुभाष चौक पर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान अमित गर्ग को शामली नगर व्यापार मंडल का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि प्रदेश, जिला और नगर स्तर पर नई टीम का कार्यकाल एक जनवरी से शुरू हो चुका है। सभी पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा के अनुरूप जिम्मेदारी निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करना चाहिए। बैठक में व्यापारियों ने प्रदेश सरकार के बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि इस बार भी बजट में व्यापारियों की समस्याओं की अनदेखी की गई है, जिससे व्यापारियों में निराशा है। कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में व्यापारी हैं और आगामी चुनावी वर्ष में व्यापारियों की भूमिका निर्णायक होगी। वर्तमान नगर अध्यक्ष के अस्वस्थ होने के कारण पूर्व नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गर्ग को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, महेश धीमान, ऋषभ जैन, पंकज वालिया, जितेंद्र जैन, राजीव गर्ग, गौरव गर्ग आदि मौजूद रहे।

### आयुध अधिनियम के मामले में अभियुक्त को सजा

**शामली।** अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए शामली पुलिस ने आयुध अधिनियम के एक मामले में अभियुक्त को सजा दिलाई है। माननीय न्यायालय ने आरोपी को कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। थाना कोतवाली शामली में वर्ष 2024 में दर्ज मुकदमा संख्या 27/2024 धारा 4/25 आयुध अधि. नियम में अभियुक्त नदीम पुत्र रोजुद्दीन निवासी गली नंबर 8, सलेख विहार को आरोपी बनाया गया था। मामले में पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त पैरवी की गई। 12 फरवरी 2026 को न्यायालय ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि चार माह पांच दिन की सजा एवं 1500 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मदिवस पर वैदिक भजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आर्य समाज मंदिर द्वारा आयोजित ऋषि बोध उत्सव के पांचवें दिवस गुरुवार को आर्य समाज मंदिर परिसर में स्त्री आर्य समाज के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष वैदिक भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत आर्य समाज की यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ से हुई। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित सुद. ेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर आर्य भजन सम्राट कुलदीप आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर आधारित भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को टंकारा गुजरात में हुआ था। वे महान समाज सुधारक, राष्ट्रवाद के अग्रदूत और आर्य समाज के संस्थापक थे। उन्होंने वेदों की ओर लौटो का संदेश देते हुए मूर्तिपूजा, जातिवाद, बाल विवाह और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया। उनके विचार अज्ञानता से ज्ञान, अंधविश्वास से तार्किकता और रूढ़िवादिता से आधुनिकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर संरक्षक रघुवीर सिंह, राजपाल सिंह आर्य, दिनेश आर्य, देवेन्द्र आर्य, पूरन चंद आर्य,



वेदप्रकाश आर्य, राजीव धीमान, अशोक आर्य, मीरा वर्मा, रामकुमार गुप्ता, सुन्दर लाल आर्य, सुभाष धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, गिरधारी लाल आर्य आदि मौजूद रहे।

# मंदिर प्रबंध समिति को गैर कानूनी रूप से हटाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के गांधी चौक स्थित कृष्ण (कुटी) मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर मंदिर की प्रबंध समिति को गैरकानूनी रूप से हटाने का आरोप लगाया है। समिति ने मामले में हस्तक्षेप कर समाधान कराने की मांग की है।

गुरूवार को दिए पत्र में बताया गया है कि बड़ा बाजार गांधी चौक स्थित कुटीवाला मंदिर एक प्राचीन मंदिर है, जिसका प्रबंधन रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज सहारनपुर में पंजीकृत कृष्ण द्धकुटीञ्ज मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के अनुसार मंदिर से संबंधित संपत्तियों का कर भी नियमित रूप से नगरपालिका में जमा कराया जा रहा है।आरोप है कि नगरपालि. का परिषद शामली के अधिशासी अधिकारी द्वारा बिना किसी न्यायिक प्रक्रिया के कुटीवाला मंदिर पर प्रबंधक के रूप में पीर बाबा शेरनाथ का नाम दर्ज कर दिया गया, जो पास स्थित भैरव मंदिर के महंत बताए गए हैं। उन्होने बताया कि कुटीवाला मंदिर में तथा भैरव मंदिर में दोनों जमीन अलग है। प्रबंध समिति का कहना है कि नगरपालिका की इस कार्रवाई से दोनों मंदिरों के बीच अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। समिति ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराते हुए कुटीवाला मंदिर पर कृष्ण (कुटी) मंदिर प्रबंध समिति का नाम दर्ज कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। इस अवसर पर सुरेश कुमार, पंकज गर्ग, रामकुमार, अरविन्द कुमार, शुभम जैन, बबीता, मनोज कुमार, प्रदीप, सोनू आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय ने तीन मामलों में चार दोषियों को दी सजा, 18,550 का लगाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**


कैराना। अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए शामली पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्तों को सजा दिलाई है। न्यायालय ने सभी को कारावास की सजा के साथ कुल 18,550 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पहला मामला वर्ष 2005 का है। थाना कोतवाली शामली में दर्ज मुकदमा संख्या 176द्ध2005 धारा 4द्ध25 शस्त्र अधिनियम में अभियुक्त पवन पुत्र रामपाल निवासी टंकी कॉलोनी, थाना आदर्श मंडी को दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने 11 फरवरी 2026 को उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व 500 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दूसरा मामला वर्ष 2013 का है। थाना झिंझाना में दर्ज मुक. दमा संख्या 337/2013 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम व 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम में अभियुक्त शौकीन पुत्र नूरदीन निवासी ग्राम तावली व नौशाद पुत्र नूरहसन निवासी खादरवाला, जनपद मुजफ्फरनगर को न्यायालय ने दोषी करार दिया। दोनों को जेल में बिताई अवधि की सजा के साथ छह-छह हजार रूपए अर्थदंड लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर 10-10 दिन का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। तीसरा मामला वर्ष 2014 का है। थाना कोतवाली शामली में दर्ज मुकदमा संख्या 255द्ध2014 धारा 379/411 भादवि, 5द्ध8 गौवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम में अभियुक्त सोनू पुत्र नासिर निवासी लुहारी खुर्द, थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को दोषी पाया गया। न्यायालय ने उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व 6,050 रूपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शामली पुलिस के अनुसार मामलों में सशक्त पैरवी के चलते अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सकी।

# कार की टक्कर से बुलेट बाइक पर सवार शुगर मिल कर्मचारी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कार ने बुलेट बाइक को टक्कर मार दी। इसमें धामपुर शुगर मिल का कर्मचारी घायल हो गया। जिसे पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

नागल थानाक्षेत्र के पनियाली कासिमपुर निवासी 30 वर्षीय दीपक चौधरी धामपुर शुगर मिल में कर्मचारी है। परिवार में शादी समारोह होने के चलते दीपक कई दिन की छुट्टी के बाद बृहस्पतिवार को बुलेट बाइक पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज के समीप पहुंचा तो गलत दिशा से सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दीपक घायल हो गया।




मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि कार चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# यूनानी मेडिकल कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया यूनानी-डे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हकीम अजमल खां की स्मृति में यूनानी-डे देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान खेल सांस्कृतिक सप्ताह का समापन भी हुआ। कार्यक्रम में यूनानी तिब्ब के क्षेत्र में अमूल्य सेवाएं देने वाले हकीमों जबकि खेलों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

करंजाली मार्ग स्थित देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में ए एंड यू तिब्बिया कॉलेज दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरशद अंसारी ने कहा कि यूनानी-डे हमारी इल्मी पहचान और हकीम अजमल खान की बेमिसाल सेवाओं को याद दिलाता है। हमें इस विरासत को नई नस्ल तक पहुंचाना चाहिए ताकि वह उनकी सेवाओं से प्रेरणा ले सके। हकीम शफीउर्रहमान ने कहा कि बदलते हालात में हमें टेक्नोलॉजी और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ना होगा, वरना हम पीछे रह जाएंगे। डॉ. मोहतशिम ने कहा कि आधुनिक दौर में जनता में जागरुकता और रिसर्च ही यूनानी तिब्ब को मजबूती दे सकती है। हकीम अब्दुल्ला ने कहा कि कामयाबी का रास्ता शिष्टाचार, लगन और लगातार मेहनत से होकर गुजरता है। यूनानी तिब्ब एक अमानत है इसे




**यूनानी तिब्ब के क्षेत्र में अमूल्य सेवाएं देने वाले हकीमों व खेलों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

ईमानदारी से आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में तिब्बी सेवाओं के लिए हकीम अब्दुल्ला और हकीम नजीफुर्रहमान को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। जबकि खेल सांस्कृतिक सप्ताह में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। ऑर्गेनाइजिंग सचिव प्रोफेसर अफजल अहमद व प्रिंसिपल डॉ. असलम ने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. आयशा, डॉ. रुमाना, डॉ. हिलाल, डॉ. नौमान, डॉ.आदिल सरफराज, डॉ. नासिर, डॉ. ताहिर हसन, डॉ. अब्दुल मुईद आदि छात्र-छात्राएं व कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# एसीजेएम ने एनकाउंटर में घायल कैदियों से की पूछताछ, पुलिस में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस एनकाउंटर में आरो. पियों के पैरों में गोली लगने को लेकर लगातार न्याय पालिकाओं की टिप्पणी सामने आ रही है। ऐसे में एसीजेएम परविंद्र सिंह की देवबंद उपकारागार में एनकाउंटर में घायल कैदियों को लाइन में खड़ा करके पूछताछ करने की वायरल वीडियो में एक कैदी जज को पुलिस के फर्जी एनकाउंटर की सिलसिलेवार पूरी कहानी बता रहा है।

एसीजेएम परविंद्र सिंह की कैदियों की पूछताछ की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। 1 मिनट 34 सेकंड की वीडियो में जज परविंद्र सिंह एक कैदी से सवाल कर रहे हैं कि गोली कैसे लगी। इस पर खुद को बागपत का बता रहे कैदी ने फर्जी एनकाउंटर की पूरी कहानी जज को सुनाई। कैदी का कबूलनामा सुनकर पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच हुआ है।





जज के सवाल और कैदी के जवाबों से खुली पुलिस एनकाउंटर की पोल

देवबंद उपकारागार में जज परविंद्र सिंह ने कैदी से जैसे जैसे एनकाउंटर को लेकर सवाल पूछे वैसे वैसे पुलिस के फर्जी एनकाउंटर की पोल खुलती चली गई। वायरल वीडियो में जज के सवालों के जवाब कैदी ने कुछ इस तरह से दिए।

जज परविंद्र सिंह-गोली कैसे मारी गई

कैदी-हमारी तारीख थी सहारनपुर में और हम बागपत से आ रहे थे। मेरा नंबर लोकेशन पर लगाया हुआ था, पुलिस ने हमें शामली पार्क के पास से उठा लिया। वहां से चौकी ले गए, करंट लगाया गया मारपीट की और हमारे से कबूल कराया, लेकिन कुछ कबूल नहीं किया। शाम को जंगल में ले गए और थाने से एक बाइक भी ली और फिर हमारी गोली मारी।

## पैर में गोली लगने से घायल कैदी ने एसीजेएम परविंद्र सिंह को बताई मुठभेड़ की कहानी

जज-गोली कैसे मारी।

कैदी-नीचे पड़ा कर पैर में गोली मारी गई।

जज- गोली कैसे मारी पूरा बताओ।

कैदी जमीन पर लेटते हुए-जज नहीं-नहीं लेटने की जरुरत नहीं वैसे ही बताओ।

कैदी-पहले जमीन पर लिटा दिया गया, पैर नीचे किया गया, कपड़ा रखकर थोड़ी दूर से गोली मारी। उसके बाद कट्टे से फायर किए गए।

जज ने एक अन्य कैदी से पूछा-आपके साथ भी ऐसा ही हुआ।

दूसरा कैदी-पैर पर बना गोली का निशान दिखाते हुए बोला हां जी ऐसा ही हुआ। एसीजेएम परविंद्र सिंह ने अन्य कैदियों से भी गोली लगने की बाबत पूछा, लेकिन उन्होंने गोली लगने से इंकार कर दिया।

कैदी ने बताया कि किस तरह पुलिस उसे रास्ते से उठाकर पुलिस चौकी लेकर गई और वहां करंट लगाकर उससे जबरन जुर्म कबूलवाने का प्रयास किया गया। इसके बाद पुलिस उसे जंगल में ले गई और जमीन पर लिटाकर पैर में गोली मार दी। इसी तरह एसीजेएम परविंद्र सिंह ने कई ऐसे कैदियों से पूछताछ की जिनके पैरों में गोली मारी गई थी। कैदियों के कबूलनामे वाली वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि बताया गया है कि दो माह पूर्व एसीजेएम जेल में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे, उसी दौरान उन्होंने हॉफ एनकाउंटर के कैदियों से लाइन में लगाकर पूछताछ की थी। किसी ने पूछताछ की यह वीडियो बना ली, जो अब वायरल हो रही है।

# गुरु बाबा फकीरादास की तपोस्थली पर लगा श्रद्धालुओं का तांता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आदर्श गांव मिरगपुर जिसका नाम सैकड़ों साल से ताम. सिक खानपान से दूर होने के चलते इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज है। गांव स्थित श्री गुरु बाबा फकीरादास की तपोस्थली पर आयोजित मेले में दूर दराज से बड़ी संख्या में प्रसाद चढ़ाने एवं बाबा फकीरादास का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालु का तांता लगा रहा।

गांव मिरगपुर स्थित गुरु बाबा फकीरादास की तपोस्थली पर दिन निकलने से पूर्व ही प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडने लगी थी। देर शाम तक मंदिर पर श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। मेले में बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, उत्तराखंड सरकार में मंत्री श्यामवीर सैनी, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, उत्तराखंड के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव चैंपियन, शांतनु जी महाराज, बामणाजी महामंडलेश्वर शुक्राताल, शयान मसूद, अरुण राणा, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, गन्ना समिति के चेयरमैन डा. उपेंद्र, अजय गांधी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनीष चौहान शामली, त्रिवेणी मिल के यूनिट हेड पुष्कर मिश्र, इरम उस्मानी, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी सहित जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव सुशील सहकारी गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन चौधरी प्रविंद्र सिंह, चौ. ऋषिपाल, अर्जुन प्रधान, चौधरी विरेंद्र सिंह गुर्जर, उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह, विकास चौधरी, वरिष्ठ गुर्जर आदि श्रद्धालु शामिल रहे।



## तहरीर दी

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी लियाकत ने अपने चार सगे भाइयों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर देकर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।इस दौरान उसके सगे भाई नसीम अहमद रईस अहमद राशीद और फहीम पुत्रगण इदरिस घर में घुस आए।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नागल।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा किसानो की विभिन्न समस्याओ को लेकर यूनियन के सीडकी स्थित जनपदीय कार्यालय पर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार को दिया गया। प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मे कहा गया है कि पूर्व सांसदों, विधायकों की पेंशन बंद कर सेना के जवानों व उत्तर प्रदेश पुलिस व होमगार्ड, पीआरडी की पेंशन चालू कराई जाए। किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाए। गरीब किसान मजदूर का बिजली बिल बकाया माफ किया जाए। सरकारी योजनाओं से कराए जा रहे विकास कार्य की धनरा. शि से अधिकारी 35 प्रतिशत कमीशन लेते है जिस पर अंकुश लगाया जाए। गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 हजार रूपए प्रति क्विंटल कराया जाए ताकि किसानों को उनका मूल्य लागत मिल सके । इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिक. ारी उपस्थित रहे।



# सपा पर भड़के मोहित बेनीवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राज्यपाल के अभिभाषण के समर्थन में मोहित बेनीवाल का विपक्ष पर तीखा प्रहार, पूर्ववर्ती सरकारों के भ्रष्टाचार की खोली पोल समाजवादी पार्टी पर विधान परिषद में जमकर बरसे मोहित बेनीवाल

विधान परिषद में राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने विपक्षी दलों, विशेषकर समाजवादी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा कटाक्ष किया तथा उनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया। मोहित बेनीवाल ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर था। 100 डायल जैसी महत्वपूर्ण आपातकालीन सेवा भी पूरी तरह अव्यवस्थित थी। मुसीबत में फंसे लोगों द्वारा बार-बार कॉल करने के बावजूद फोन तक नहीं उठाया जाता था। उस समय बनने वाली सड़कों में भी भारी भ्रष्टाचार होता था, गुणवत्ता का अभाव था और जनता को बदहाल व्यवस्था का सामना करना पड़ता था। चौकी थानों को समाजवादी पार्टी द्वारा पोषित गुंडे संचालित करते थे उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश की तस्वीर बदल चुकी है। सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बिछ रहा है, आधारभूत संरचना मजबूत हो रही है और उत्तर प्रदेश देश के विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। मेरठ की क्रांतिकारी धरती पर मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण इसका सशक्त उदाहरण है, जो प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देगा।



उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर ओलंपिक जैसे आयोजनों में भी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार पारदर्शिता और सुशासन के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। आज उत्तर प्रदेश में बाहरी कंपनियां निवेश कर रही हैं, उद्योग स्थापित हो रहे हैं और प्रदेश नवाचार Innovation का केंद्र बनता जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उल्लेख करते हुए मोहित बेनीवाल ने कहा कि वे स्वयं गन्ना बहुल क्षेत्र से आते हैं, जहां पहले की सरकारें किसानों को लुभावने वादे तो करती थीं, लेकिन गन्ना मूल्य का भुगतान समय पर नहीं होता था और दाम भी नहीं बढ़ाए जाते थे। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए रु. 30 प्रति कुंतल की वृद्धि की, जिससे प्रदेश के लगभग 45 लाख गन्ना किसानों के घर में दीपावली मनाने जैसा माहौल बना। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है और भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुख उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रही है।

# विवि की एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में सभी छात्र रहे सफल

**मुजफ्फरनगर।** मां शाकुम्बरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित एम0 डी0 कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के एमकॉम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने के लिए महाविद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को प्राचार्य डॉ0 सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्ष डॉ0 रवि अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया।

एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में बुशरा एवं विधि सिंघल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, आयुषी एवं कीर्ति गर्ग ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा सुहानी ठकरान, श्रेयांशी व आंचल गुप्ता ने संयुक्त रूप 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



प्राचार्य डॉ0 सचिन गोयल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगे चलकर प्रबुद्ध, देशभक्त एवं विविध कौशलों से परिपूर्ण सभ्य नागरिक बनेंगे एवं समाज और देश के विकास में अपना यथासंभव सक्रिय योगदान देकर अपने मानव जीवन को सफल बनाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सभी छात्रध्छात्राओं को नवीन शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत उनके शैक्षणिक पाठड्क्रम के साथ-साथ उनको तकनीकी, सामा. जिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में सम्मिलित होने एवं अपना सर्वांगीण विकास करने के लिए वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है जिससे कि छात्र हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सके।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 रवि अग्रवाल व सभी शिक्षकों ने छात्रध्छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा सभी छात्रध्छात्राओं को प्रेरित किया कि वह आगे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी लगन के साथ प्रयास करें और समाज व देश के प्रति एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य पूरा करें।

इस अवसर पर वाणिज्य संकाय से डॉ0 माधुरी अरोड़ा, डॉ0 नवेद अख्तर, डॉ0 जगमोहन सिंह जादौन, डॉ0 मानसी, प्रशांत, डॉ0 सुरेश चन्द्र शुक्ला, डॉ0 अजय महेश्वरी, रोहित कुमार, तनु राज, मोहित गुप्ता, संकेत जैन, अंकित धामा व नितिन गोयल आदि मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी निगरानी में शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नजीबाबाद स्थित हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच आयोजित की जा रही हैं। नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। परीक्षाएं नौ फरवरी से 14 फरवरी तक दो पालियों में संचालित हो रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा प्रतिदिन सुबह आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है, जबकि सीनियर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न कराई जा रही है। बुधवार 12 फरवरी को आयोजित परीक्षा में कुल 272 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र प्रशासन ने बताया कि शेष विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान केंद्र पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष निगरानी रखी जा रही है।

परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट दीपक तेवतिया खंड विकास अधिकारी, नजीबाबाद और स्टैंडिंग मजिस्ट्रेट जयप्रकाश (एडीओ पंचायत) लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। दोनों अधिकारी समय-समय पर कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।

केंद्र व्यवस्थापक दुष्यंत सिंह, जो हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं।

# डिवाइडर से टकराई कार, चार युवक बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना चौराहे से आगे कोऑपरेटिव बैंक के पास बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। काशीपुर से रेलवे स्टेशन धामपुर की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई और पास लगे बिजली के पोल से जा टकराई।

हादसा इतना तेज था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में चार युवक सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अराफात जहीर को उसके गलत कार्यो के कारण अपने समस्त पारिवारित सम्बंध विच्छेद करते हुए अपने परिवार व अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई मतलब वास्ता नही रहेगा।

जहीर अहमद कास्मी पुत्र जमशैद
निवासी मौहल्ला खानकाह
देवबन्द जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम सईद SAID से बदलकर शहीद अहमद SHAHEED AHMED रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

SHAHEED AHMED
S/O ABDUL HAMEED
GRAM SAKHAN
KALAN PS. DEOBAND
DISTT. SAHARANPUR

**सूचना**

मैंने अपना नाम NAWAB ALI से बदलकर NAWAB रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**नवाब पुत्र अजीमुद्दीन**
**निवासी 164/क निकट**
**आलीशान मस्जिद**
**मोहल्ला बड़जियाउलहक,**
**देवबंद सहारनपुर**

# जिम्बाब्वे की नजरें उलटफेर करने पर

● **जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना व दुनिया भर में दबदबे के साथ उतरेंगा**

**कोलंबो, वार्ता।** ग्रुप बी में सबकी नजरें अब क्लासिक डेविड बनाम गोलियथ मुकाबले पर टिकी हैं, जब शुक्रवार को यहां आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना और दुनिया भर में दबदबे के साथ उतर रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्बाब्वे इस एडिशन का पहला बड़ा उलटफेर कर सकता है? सिकंदर रजा की टीम ने चुपचाप मोमेंटम बना लिया है। ओमान पर उनकी आठ विकेट की बड़ी जीत ने गेंद से डिसिप्लिन और बल्ले से धैर्य दिखाया। लेकिन शुक्रवार का मुकाबला एक बिल्कुल अलग चुनौती पेश करता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना जिसमें पावर-हिटर्स, अच्छे ऑलराउंडर्स और कोलंबो के हालात के हिसाब से एक मजबूत स्पिन अटैक है।



जिम्बाब्वे की उम्मीदें निडर रवैए पर टिकी होंगी। ब्रायन बेनेट, जिन्होंने पिछले गेम में 48 रन बनाए, पिछले साल उनके सबसे लगातार परफॉर्मर रहे हैं और ऑप पर अहम होंगे। अगर बेनेट और तदीवानाशे मारुमानी नई गेंद को संभालकर एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर पाते हैं, तो ब्रेंडन टेलर, रजा और रयान बर्ल की अनुभवी तिकड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिंग को आगे बढ़ा सकती है। असली मौका गेंद के साथ हो सकता है। ब्लेसिंग मुजराबानी और रिचर्ड नगारवा ने अपने पिछले मैच में छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। एक ऐसी सतह पर जिससे शुरू में स्विंग और बाद में टर्न मिलने की उम्मीद है, जिम्बाब्वे का पेस-स्पिन कॉम्बिनेशन ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक ऑप ऑर्डर की परीक्षा ले सकता है। आयरलैंड के खिलाफ थोड़ी कमजोरी दिखाने वाले मिडिल ऑर्डर को बेनकाब करने के लिए शुरुआती ब्रेकथ्रू जरूरी होंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया अभी भी मजबूत है। कप्तान ट्रैविस हेड लीडर के तौर पर पहली जीत हासिल करने के बाद आगे से लीड करने के लिए बेताब होंगे। जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन की मौजूदगी पूर्व चैंपियन को ऐसी गहराई देती है जिसका मुकाबला कुछ ही टीमें कर सकती हैं। एडम जम्पा और मैथ्यू कुहनेमन की उनकी स्पिन जोड़ी भी कोलंबो की धीमी होती पिच का फायदा उठा सकती है। प्रेमदासा की पिच ने हमेशा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को फायदा पहुंचाया है, पिछले दस में से आठ मैच बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। मैच के दिन बादल छाए रहने का अनुमान है, जिससे गेंदबाजों को शुरुआत में और मदद मिल सकती है, जिससे मुकाबले में एक और अप्रत्याशित बात जुड़ जाएगी। जिम्बाब्वे के लिए, यह सिर्फ ग्रुप-स्टेज का मैच नहीं है। यह सोच को बदलने और खुद को सिर्फ हिस्सा लेने वाले के बजाय असली दावेदार के तौर पर पेश करने का मौका है। उलटफेर टी-20 वर्ल्ड कप की धड़कन रहे हैं, और सबसे छोटे फॉर्मेट में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। कागज पर ऑस्ट्रेलिया शायद बहुत ज्यादा पसंदीदा हो, लेकिन अगर जिम्बाब्वे खास मौकों का फायदा उठाता है।

# आचार संहिता तोड़ने पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर टी-20 विश्व कप 2026 ग्रुप डी के मैच में दक्षिण अफीका के खिलाफ आईसीसी अचार संहिता के लेवल 1 को तोड़ने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, नबी को कोड के आर्टिकल 2-4 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को न मानने से जुड़ा है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की शुरुआत में हुई, जब नबी दक्षिण अफीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्टबैंड को लेकर मैदानी अंपायरों से बात कर रहे थे। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम



ऑफिशियल फटकार और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 परसेंट जुर्माना हो सकता है। मैच का अंत बहुत ही नाटकीय तरीके से हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने दो सुपर ओवर के बाद रोमांचक जीत हासिल की। खास बात यह है कि मोहम्मद नबी ने 150 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के एलीट ग्रुप में शामिल हो गए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### देव-सिन्हा भारतीय टीम को लीड करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी और जापान के सेइता वतनबे दिल्ली ओपन 2026 में एक कॉम्पिटिटिव डबल्स फील्ड में हेडलाइन करेंगे, जो 16 से 22 फरवरी तक डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होगा। एटीपी चैलेंजर इवेंट में जाने-माने डबल्स स्पेशलिस्ट और सिगल्स प्लेयर्स का एक मजबूत मिक्स है, जो ड्रॉ में गहराई और रोमांच जोड़ता है। स्वीनी और वतनबे फील्ड में ऑप-रैंक वाली जोड़ी के रूप में एंट्री करते हैं, जिनकी कंबाइंड टीम रैंकिग 265 है। वतनबे, जो डबल्स में 127 रैंक पर हैं, स्वीनी के साथ मिलकर काम करते हैं, जो सिगल्स में 138 पर हैं, जो टूर्नामेंट में सबसे मजबूत कॉम्बिनेशन में से एक है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व एस डी प्रज्ज्वल देव व नितिन कुमार सिन्हा करेंगे, जो मेन ड्रॉ में सबसे ऊंची रैंक वाली ऑल-इंडियन जोड़ी हैं। देव (219) व सिन्हा (243) एक अनुभवी इंटरनेशनल फील्ड के खिलाफ जाने-पहचाने घरेलू हालात का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की महिला टीम ने जीता खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने गत विजेता दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना को कांटे के संघर्ष में सडनडेथ में 8-7 से पराजित कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विज. ता टीम की खिलाडी यशस्वी ने प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (आईजीआईपीईएसएस) और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच निर्धारित समय में मुक. ाबला 2-2 से बराबरी पर रहा था। इसके बाद टाईब्रेकर में भी दोनों टीमों ने पांच-पांच गोल कर दिए और स्कोर 7-7 हो गया।

### बेंगलुरु आईटीएफ महिला टूर्नामेंट की मेजबानी को तैयार

**बेंगलुरु, वार्ता।** नीदरलैंड्स पर डेविस कप में भारत की रोमांचक जीत के कुछ दिनों बाद, बेंगलुरु एक और मशहूर इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट - केप. ीबी ट्रस्ट आईटीएफ महिला ओपन 100 बेंगलुरु 2026 के चौथे एडिशन को होस्ट करने के लिए तैयार है। यह टूर्नामेंट, जो भारत का सबसे बड़ा आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट है, जो 15-22 फरवरी तक बेंगलुरु के एस-एम- कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा। आईटीएफ महिला 100 कैटेगरी में डब्ल्यूटीए रैंकिग पॉइंट्स मिलते हैं और यह आईटीएफ और डब्ल्यूटीए टूर्स के बीच एक ब्रिज का काम करता है। इस इवेंट में 32-प्लेयर सिगल्स मेन ड्रॉ, 32-प्लेयर क्वालिफाइंग ड्रॉ और 16-टीम डबल्स ड्रॉ शामिल हैं, जिसका मेन ड्रॉ 17 फरवरी से शुरू होगा। भारत की ऑप रैंक वाली महिला खिलाड़ी सहजा , देश की ऑप रैंक वाली जूनियर खिलाड़ी से होगा।

# स्टर्लिंग के स्कैन की रिपोर्टों का इंतजार



● **आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के दौरान घुटने में लगी थी चोट**

**कोलंबो, वार्ता।** आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान कैप्टन पॉल स्टर्लिंग के घुटने में लगी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन के नतीजों का इंतजार है। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड की 67 रन की हार के दौरान एक कैच पूरा करते समय स्टर्लिंग के दाहिने घुटने में चोट लग गई थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, ओपनर ने आयरलैंड के लक्ष्य का पीछा करते हुए बैटिंग करने के लिए आने पर समस्या और बढ़ा दी और आखिरकार उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। बैटिंग कोच गैरी विल्सन ने मैच के बाद कन्फर्म किया कि स्टर्लिंग को स्कैन के लिए भेजा गया था। विल्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। वह आज शाम स्कैन के लिए गए थे, इसलिए हमें कन्फर्मेशन का इंतजार करना होगा। लेकिन मैं कहूंगा कि यह आइडियल नहीं लग रहा है। विल्सन ने बताया कि स्टर्लिंग ने टीम के लिए योगदान देने की कोशिश में तकलीफ के बावजूद बैटिंग करने का फैसला किया। विल्सन ने कहा कि इसका क्रेडिट उसे जाता है। उसे पता था कि वह शायद ठीक नहीं है, और फिर भी उसने टीम के लिए काम पूरा करने की कोशिश की। बदकिस्मती से, आज रात ऐसा नहीं हो सका। यह टूर्नामेंट में आयरलैंड की दूसरी हार थी, जिससे उन्हें सुपर आठ में पहु. चने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए ओमान और जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने बाकी ग्रुप मैचों में जीत की जरूरत थी। हालांकि, विल्सन आशावादी बने रहे, उन्होंने कहा कि आयरलैंड ने अपने शुरुआती मैचों में अच्छे संकेत दिखाए थे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ 65.70 प्रतिशत गेम के लिए, मुझे लगा कि हम बेहतर टीम थे। बस उनकी और हमारी पारी के आखिरी पांच ओवर ऐसे थे जहां हम ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाए। उस ड्रेसिग रूम में बहुत टैलेंट है और बहुत ज्यादा विश्वास है।

# डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे वैभव



● **मुंबई में हर साल होने वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती हैं**

**मुंबई, वार्ता।** टीनएज सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी के मुंबई में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की संभावना है। नवी मुंबई में होने वाले इस सालाना कॉम्पिटिशन में हर साल 16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इस सीजन में भारत का अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला यह स्टार डीवाई पाटिल की किसी एक टीम को रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। ऑर्गनाइजर आमतौर पर कॉम्पिटिशन में दो टीमें उतारते हैं। सूर्यवंशी और टूर्नामेंट ऑर्गनाइजर के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि प्लेयर की टीम से बात. चीत चल रही है और इस युवा खिलाड़ी के टूर्नामेंट में खेलने की संभावना बहुत ज्यादा है। यह आईपीएल सीजन से पहले हो रहा है, और इस साल 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में आमतौर पर कई इंटरनेशनल प्लेयर हिस्सा लेते हैं। सूर्यवंशी, जिन्होंने हाल ही में हरारे में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 175 रन बनाए थे, अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स की एक फैसिलिटी है। हरारे से आने के बाद, 14 साल का यह खिलाड़ी घर नहीं गया और इसके बजाय आईपीएल सीजन की तैयारी करने लगा। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि वह अभी तालेगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स का कैंप चल रहा है। कैंप 21 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद सूर्यवंशी पटना और फिर अपने होमटाउन जाएंगे। उनके शहर में एक प्रमोशनल इवेंट है। जहां उन्हें एक गाड़ी गि" ट किए जाने की उम्मीद है। लगता है यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था और उसके बाद, वह डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं। डीवाई पाटिल स्टेडियम में हर साल होने वाला डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी-20 कॉम्पिटिशन में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह जगह हाल ही में इंडियन और ग्लोबल क्रिकेट के हॉटस्पॉट में से एक रही है।

# पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम, फहीम को मिली रिकॉर्ड फीस

## ऑक्शन में नसीम शाह व फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम शाह और फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली। 86.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में, नसीम शहर के उस पार इस्लामाबाद यूनाइटेड से इस्लामाबाद के ट्विन सिटी, रावलपिडी में बनी नई टीम में चले गए, जबकि फहीम 85 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में इस्लामाबाद यूनाइटेड लौट आए। हर टीम को रिटेंशन की संख्या आठ से घटाकर चार कर दी गई थी, इसलिए यह साफ था कि खिलाड़ियों को उनकी पुरानी टीमों ने ले लिया क्योंकि फेंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करना चाहती थीं। 2025 में कराची किग्स के कप्तान, डेविड वार्नर, 79 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में फ्रेंचाइजी में लौट आए, जबकि लाहौर कलंदर्स हारिस रऊफ की सर्विस फिर से लेना चाहते थे, और उन्हें 76 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में ले लिया। उन्होंने फखर जमान को रिटेन करने के लिए और भी ज्यादा पैसे दिए, जिसके लिए उन्हें 79.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए देने पड़े। राइली रोसौ एक और खिलाड़ी थे जो उस टीम में वापस जा रहे थे जहां उन्होंने पहली बार पीएसएल में अपना नाम बनाया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स, जिन्हें उन्होंने 2022 में अपना एकमात्र टाइटल जीतने में मदद की थी, ने साउथ अफीकन खिलाड़ी को 55 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में खरीदा, जबकि हसन अली 47.6 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में कराची लौटे। न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को नीलामी में ऊंची कीमतें मिलीं। डेरिल मिशेल ने एक जबरदस्त बोली लगाई, जिसका अंत रावलपिडी द्वारा 80. 5 मिलियन पाक रुपए में उनके लिए किए जाने के साथ हुआ, जबकि इस्लामाबाद यूनाइटेड ने इसी तरह की दिलचस्पी को रोकते हुए मार्क चैपमैन को 70 मिलियन पाक रुपए में साइन किया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, एडम जम्पा को कराची ने 45 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में साइन किया, जबकि 41 साल के पीटर सिडल को उनके हालिया बीबीएल फॉर्म के लिए 25 मिलियन पाक रुपए की डील मिली। हैदराबाद ह्यूस्टन किग्समेन ने मार्नस लाबुशेन को डायरेक्ट साइन किया था और सैम अयूब को रिटेन किया था। वे ऑक्शन में ज्यादा कंट्रोल में थे, लेकिनपाक -अमेरिकन फ्रेंचाइजी के तौर पर अपनी ब्रांड इमेज को मजबूत करने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने हम्माद आजम और शायन जहांगीर को लिया, जो पाक में जन्मे दो खिलाड़ी हैं और अब अमेरिका को रिप्रेजेंट करते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक

● **ऐश्वर्य प्रताप ने निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 20 मी. राइफल थ्री पोजिशन में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता पदक**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां डॉ. कर्णी सिह शूटिंग रेंज में मुकाबला करते हुए, 25 साल के भारतीय निशानेबाज ने फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 362-0 के साथ अपने खिताब का बचाव किया। कुल मिलाकर, यह एशियन चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर का पांचवां व्यक्तिगत निशानेबाजी पदक है। इससे पहले उन्होंने दोहा 2019 में कांस्य, चांगवोन 2023 में स्वर्ण, जकार्ता 2024 में रजत और शिमकेंट 2025 में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भी क्लीन स्वीप किया, जिसमें नीरज कुमार ने 361-8 के साथ रजत और अखिल श्योरण ने 343.5 के स्कोर




के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नीरज, ऐश्वर्य और अखिल की तिकड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1769.106 स्कोर करके भारत को टीम स्वर्ण दिलाया। जापान 1754.86 के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कजाकिस्तान ने 1748.87 के साथ कांस्य पदक जीता। नीरज 593.34 के साथ क्वालिफाइंग में शीर्ष पर रहे, उनके बाद रुद्रांक्ष पाटिल (591.33) रहे, जिन्होंने रैंकिग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए मुकाबला किया। ऐश्वर्य (588.40) क्वालिफिकेशन में तीसरे और अखिल (588.32) चौथे स्थान पर रहे। आरपीओ के लिए निशानेबाजी कर रहे निखिल तंवर ने 587.29 के साथ छठा स्थान हासिल किया। आज मिले पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की कुल संख्या 26 हो गई है। भारत ने 10 स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक जीते है।

# अमेरिका को टूर्नामेंट में रहना है, तो जीतना होगा मैच



● **संयुक्त राज्य अमेरिका को आज नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है**

**चेन्नई, वार्ता।** मुंबई में खेले अपने पहले ग्रुप मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के सामने चुनौती पेश की लेकिन कोलंबो में पाकिस्तान की टीम उनके ऊपर हावी रही। शुक्रवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है। इतिहास भी अमेरिका के पक्ष में नहीं हैं, पुरुष टी-20 में नीदरलैंड्स के खिलाफ तीनों मुकाबले में उन्हें हार मिली है। अभ्यास मैच में अमेरिका ने न्यूजीलैंड को परेशानी में डाला था लेकिन इसके बाद चोटों ने उनकी टीम को कमजोर किया है। तेज गेंदबाज अली खान ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं जबकि जसदीप सिह कंधे की चोट के चलते टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गें. दबाज एहसना आदिल को दल में शामिल किया गया है। आदिल को दूसरे मुकाबले में सीधे एकादश में जगह मिली थी लेकिन तीन ओवरों में उन्होंने 39 रन खर्च किए थे। यह देखना होगा कि अपना घुटना चोटिल कर बैठे शुभम रांजने इस मुकाबले के लिए पूरी तरह फटि हो पाते हैं या नहीं। अमेरिका अभी तक अपनी सलामी जोड़ी तय नहीं कर पाया है। साईतेजा मुक्कामल्ला को भारत के खिलाफ एक असफल पारी खेलने के बाद अगले मुकाबले से बाहर कर दिया गया। जबकि विश्व कप से पहले वह अमेरिका के सबसे सफल बल्लेबाज थे और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 31 गेंदों पर 50 रन भी बनाए थे। नीदरलैंड्स नामीबिया के खिलाफ बास डी लीडे के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीत के बाद आत्मविश्वास से भरा होगा।

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से रौंदा

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और कप्तान दासुन शनाका (50) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहत. रीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 16वें मुक. ाबले में ओमान को 105 रनों से करारी शिकस्त दी। 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सके और लगातार विकेट गंवाते रहे। ओमान की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी और 105 रनों से मुकाबला हार गई। वसीम अली ने 20 गेंदों में तीन छक्के उड़ाते हुए 27 रन बनाए। वहीं मोहम्मद नदीम आखिर तक टिके रहे और उन्होंने 56 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए दुष्मंत चमीरा और महीश तीक्षणा ने दो-दो विकेट लिए। दुनित वेल्लालगे, दुशान हेमंता और कामिंडु मेंडिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑमी पॉल ने आखिरी सेट का टाई-ब्रेक जीता, फ्रिट्ज की आसान जीत

● **पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और हमवतन ब्रूक्सवी को हराया**

**डलास, वार्ता।** पूर्व नेक्सो डलास ओपन चैंपियन ऑमी पॉल बुधवार को अपने ओपनर में बहुत मुश्किल में थे, लेकिन उन्होंने 2022 के फाइनलिस्ट जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर एटीपी 500 के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

दो घंटे, 25 मिनट के मुकाबले में, पॉल ने अपने अमेरिकी हमवतन ब्रूक्सबी को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया। पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और तीसरे सेट में अपनी पहली सर्व के पीछे शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 में से 21 पॉइंट जीते। पॉल, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चौथे राउंड में पहुंचे थे, ने 2024 में टूर्नामेंट में ट्रॉफी उठाई थी, जब वह अभी भी एटीपी 250 था, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 28 साल के पॉल अपनी हेड2हेड सीरीज में ब्रूक्सबी से 3-1 से आगे हैं और अगले मैच में मिओमिर केकमानोविच से भिड़ेंगे। ऑप सीड टेलर फ्रिट्ज ने एक घंटे और नौ मिनट के बाद कैलिफोर्निया के अपने साथी ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-3, 6-4 से हराया। एटीपी रैंकिंग में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 83 प्रतिशत जीते और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज, जिन्हें मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के शुरुआती स्टेज में दाहिने घुटने में दिक्कत हुई थी, ने नाका. शिमा के खिलाफ मूवमेंट में कोई रुकावट नहीं दिखाई।

क्वार्टर फाइनल में, 28 साल के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला एक और अमे. रिकी, सेबेस्टियन कोर्डा से होगा, जिन्होंने आठवीं सीड फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-1 से हराया। 25 साल के कोर्डा ने अपनी पहली सर्व के बाद सिर्फ चार पॉइंट गंवाए और 68 मिनट के बाद आत्मविश्वास से अपना बैकहैंड लगाया और आगे बढ़ गए। अमेरिकी इथन क्विन ने वाइल्ड कार्ड ट्रेवर स्वेज्डा को 7-6(3), 7-5 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए, रैंकिग में नंबर 74 खिलाड़ी ने पहले सेट में ब्रेक डाउन से उबरते हुए, स्वेज्डा के खिलाफ अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 87 प्रतिशत (41/47) जीता, और एक घंटे 47 मिनट के बाद जीत हासिल की। क्विन दूसरे राउंड में मारिन सिलिच से खेलेंगे।

# सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लोकल फेवरेट और ऑप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को बोलीविया के ह्यूगो डेलियन को 6-0, 7-6 (6) से हराकर अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने शुरुआती सेट में दम दिखाया और दूसरे सेट में आठ सेट पॉइंट बचाकर ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब के आउटडोर क्ले कोर्ट पर एक घंटे 24 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा कि शुरुआत में चीजें जिस तरह से हुईं, उससे मैं खुश था लेकिन फिर उसने अग्रेसिव खेलना शुरू कर दिया और यह मुश्किल हो गया। मैंने कुछ सेट पॉइंट बचाए और मैं बस आगे बढ़कर खुश हूं। सेरुंडोलो एटीपी 250 इवेंट के अगले राउंड में चेक रिपब्लिक के विट कोप्रिवा से भिड़ेंगे। कोप्रिवा ने दिन में पहले इटली के आठवें सीड मातियो

# पउप्र में सहारनपुर को मिले एम्सः उमर

## बेहट विधायक ने विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाए क्षेत्र में प्लाईवुड फैक्ट्री, पर्यटन, रोजगार व बाढ़ के मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने विधानसभा में अपने क्षेत्र में प्लाईवुड फैक्ट्री लगाने, रोजगार, पर्यटन व घाड क्षेत्र में बाढ जैसे मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया।

विधानसभा में विधायक उमर अली खान ने कहा कि घाड क्षेत्र में पोपुलर व यूकेलिप्टिस की लकडी बहुतायत में होती है। जिसे हमारा किसान तैयार करता है, लेकिन यह हरियाणा में जाकर बिकती है। इसलिये प्लाईवुड की फैक्ट्री हमारे क्षेत्र में लगाई जानी चाहिये, ताकि हमारे युवकों को रोजगार मिल सके और वह रोजगार के लिये हरियाणा, पंजाब व हिमाचल में पलायन को मजबूर न हो। पर्यटन का घाड में बडा इलाका है, लेकिन उसका इस्तेमाल उत्तराखंड सरकार करती है।



उन्होंने कहा कि बजट के अंदर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक एम्स हॉस्पिटल देने की बात कही गई है और यह हॉस्पिटल सहारनपुर को मिलना चाहिये, क्योंकि यदि यहां कोई गंभीर बिमारी है तो उसे दिखाने के लिये दिल्ली या चंडीगढ जाना पडता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच न होने से लोगों को काफी दिक्कतें है। दूसरे प्रदेशों के हाईकोर्ट नजदीक है हमारे हाईकोर्ट से। इसलिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश को हाईकोर्ट बैंच मिलनी चाहिये।

**■ बोले विधायक**
**पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मिले हाईकोर्ट बैंच**

उन्होंने कहा कि घाड क्षेत्र बाढ का इलाका है और बरसात के मौसम में गांव के गांव डूब जाते है। दो साल पहले एक पुल टूट गया सडके बह गई। वहां हर अधिकारी पहुंचा और उसे प्राथमिकता पर रखने की बात कही, लेकिन आज भी स्थिति ज्यों की त्यों है, क्योंकि वहां बजट ही नहीं दिया गया।

उन्होंने वन गुर्जरों की समस्या को उठाते हुए कहा कि उन्हें मुख्य धारा से जोडा जाये। हिमाचल व उत्तराखंड में चिन्हित किया गया है वन गुर्जरों को। यहां उन्हें दस दस बीघा जमीन दी जाये।

# पूर्व सांसद प्रदीप व वरिष्ठ नेता गुरप्रीत बग्गा ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी व वरिष्ठ नेता और समाजसेवी गुरप्रीत सिंह बग्गा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों नेताओं से क्षेत्रीय विकास और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने मुख्यमंत्री से आने वाले चुनाव को क्षेत्र के विकास के लिये लंबी बात. चीत की। बता दे कि पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आज भी वह विकास की बाबत लगातार मुख्यमंत्री और शीर्ष भाजपा नेताओं तक जनता की आवाज को पहुंचाते रहते है। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सकारात्मक दौर में कई मुद्दों पर बातचीत हुई है।



गुरप्रीत सिंह बग्गा ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया और विभिन्न जनहित के मुद्दों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस दौरान गुरप्रीत सिंह बग्गा व पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी की उपस्थिति में क्षेत्रीय समीकरणों पर भी विचार-विमर्श हुआ जिससे पार्टी को एक नया आयाम मिल सकता है।

# जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं यह बजटः डा.राहुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.राहुल भारती ने कहा कि यह बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता और इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के विकास को पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं।

राहुल भारती ने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ धोखा है। सरकार ने अपने पिछले वादों को पूरा नहीं किया है और अब यह बजट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रहा है। यह बजट युवाओं के लिए निराशाजनक है, किसानों और गरीबों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए विशेष योजनाएं बनाएं, उनके विकास के लिए बजट में अधिक प्रावधान करें। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करें। गरीबों, दलितों और पिछड़ों के लिए विशेष योजनाएं बनाएं। श्री भारती ने कहा यह सरकार का आखिरी बजट है जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के तमाम लोगों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। यह सरकार पूंजीपतियों के हाथों में कठपुतली की तरह खेल रही है, और इसी लिए उन्होंने आमजन मानस को दरकिनार करते हुए इस बजट का निर्माण किया है। यही बजट उत्तर प्रदेश की सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।

# किसानों की आवाज थे चौ.अजितः चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक किसानों के महान नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की 87 वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई गई। एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

हकीकत नगर स्थित कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह किसानों के महान चिंतक रहे,उनकी सादगी, उनकी असली पहचान थी। उनके विचार, उनकी सोच और उनकी राजनीति की विरासत बेमिसाल और विशाल है। यह विरासत केवल शब्दों में नहीं, बल्कि खेत-खलिहानों की मिट्टी में बसती है। किसानों और मजदूरों की उम्मीदों में बसती है। हर उस आवाज में बसती है जो अपने हक के लिए खड़ी होती है। चौधरी साहब ने हमेशा किसानों की बेबाक आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और किसान, मजदूर व आमजन के सम्मान को सर्वोपरि रखा। आज उनकी जयंती पर हम सबका दायित्व है कि उनके सिद्धांतों, संघर्ष और सेवा भाव की इस विरासत को मजबूती से आगे बढ़ाएं। इस दौरान जाट महासभा के अध्यक्ष मुकेश चौधरी, खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष चौ अरविंद मलिक, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, आरिफ मलिक, उसेनदर, कमल सोनकर, राजदीप ढाका,पप्पू चौधरी, निकेत मलिक आदि उपस्थित रहे।



# स्वयंसेवकों ने जागरूक किए ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गुरु नानक इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन ग्रामवासियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संबंध में जागरूक किया गया।

ग्राम चक आदमपुर में स्वयंसेवकों द्वारा यह बताया गया कि बेटियां समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है बेटियां अगर शिक्षित होगी तभी आगे चलकर हमारा समाज शिक्षित होगा बेटियां होगी तभी हमारा परिवार होगा और अगर परिवार होगा तो हमारा समाज होगा बेटियां समाज का वह धन है जिसको सभी समाज में बहुमूल्य स्थान दिया गया है इन सभी प्रकार की जानकारी से ग्राम वासियों को अवगत कराया गया और उनको बेटियों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। एनएसएस के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# निःशुल्क संकर बीज किए वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला उद्यान विभाग कार्यालय में उद्यान निरीक्षक राजकुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न ग्रामों से आए कृषकों को नि:शुल्क संकर सब्जी बीज वितरित किए गए।

ग्राम छपरडी के कृषक धर्मवीर सिंह एवं पालेराम को खीरा का संकर बीज प्रदान किया गया। वहीं सौंदेवास से आए धीरज सिंह तथा ग्राम चाटका के नसीम अहमद को संकर करेले का बीज उपलब्ध कराया गया। उद्यान निरीक्षक राजकुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा खीरा, लौकी एवं करेला आदि सब्जियों के संकर बीज नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक कृषक कार्यालय में आकर संपर्क कर बीज प्राप्त कर सकते हैं।

# 24 को लखनऊ में होगा घेरावः डा.अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि 24 फरवरी को बकाया भुगतान व प्री प्राइमरी क्लासों को लेकर निदेशक बेसिक शिक्षा कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

डा.अशोक मलिक ने यह बता दून नेशनल पब्लिक स्कूल में संघ की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कैशलेस चिकित्सा से नहीं निजी स्कूलों का अनुदान व शिक्षकों को मानदेय दे जाने से ही बेसिक शिक्षा के नियम मजबूत होगी और जिस इमारत की नीव मजबूत होती है वह ही बहु मंजिला इमारत होती है इस प्रकार सुदर्ढ भारत के निर्माण के लिए बेसिक शिक्षा की नींव मजबूत करनी होगी। 658 करोड़ के बजट से उत्तर प्रदेश जो दूसरे एक दर्जन से अधिक देशों से बड़ा है राज्य है यह बजट पर्याप्त नहीं है निजी स्कूल जो शिक्षक के क्षेत्र में प्रचार में प्रतिशत बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, वीरेंद्र पवार, अरविंद शर्मा, केपी सिंह ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर अमरदीप प्रधान धनंजय शर्मा अमजद अली एडवोकेट अजय सिंह रावत अरविंद शर्मा गुरु आलम मुजाहिद नदीम प्रवीण गुप्ता अशोक सैनी दिनेश रोपदी हंस कुमार जोरा सिंह जितेंद्र गोरिया एडवोकेट शिवकुमार मालियांविजय कुमार मास्टर मदन सिंह प्रधान मास्टर वेद प्रकाश मास्टर दमन सिंह राकेश कुमार परमेंद्र कुमार श्याम कुमार अश्वनी कुमार आशीष कुमार सत्यपाल सिंह सुनील कुमार मोंटी कुमार मोहन सिंह नारायण सिंह लिटिल शर्मा और नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# स्कूल से बैटरा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीती रात चोरों ने एक स्कूल में धावा बोलकर वहाँ से एक बैट्रा चोरी कर लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। प्रबन्धक ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है।

मौहल्ला काजीमारूफ निवासी नगर पंचायत के पूर्व सभासद वरिष्ठ समाजसेवी श्रवण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके छोटे भाई स्व. सुमित की पत्नी मौहल्ला महा. जनान में महर्षि दयानंद पब्लिक जूनियर हाईस्कूल की संचालिका है जो बुधवार को स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूल के ताले बन्द करवा कर घर आ गई थी। जब आज सुबह वे स्कूल पहुंची तो पड़ोसी द्वारा उन्हें चोरी की घटना की जानकारी मिली। उन्होंने जांच करने के बाद देखा कि चोर स्कूल के ताले तोड़कर वहाँ से एक बैट्रा जिसकी कीमत 14 हजार रुपये है।

# पैदल मार्च से पहले ही ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ नागल।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलैक्ट्रेट पैदल मार्च की घोषणा के बाद एसडीएम ने यूनियन कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन लिया।

बता दे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष धमेंद्र सिंह को आज सीडकी स्थित जनपदीय कार्यालय से वाहनों के काफिले के साथ विश्वकर्मा चौक पहुंचना था। जहां से वह किसानों के साथ पैदल मार्च करते हुए कलैक्ट्रेट पहुंचते। जिसकी भनक लगते ही प्रशासन अलर्ट हो गया और एसडीएम सदर सुबोध कुमार को ज्ञापन लेने सीडकी भेजा गया। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष धमेंद्र सिंह द्वारा एसडीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।



प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मे कहा गया है कि पूर्व सांसदों, विधायकों की पेंशन बंद कर सेना के जवानों व उत्तर प्रदेश पुलिस व होमगार्ड, पीआरडी की पेंशन चालू कराई जाये। किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाये ।गरीब किसान मजदूर का बिजली बिल बकाया माफ किया जाए। सरकारी योजनाओं से कराये जा रहे विकास कार्य की धनराशि से अधिकारी 35 प्रतिशत कमीशन लेते है जिस पर अंकुश लगाया जाए। गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 हजार रुपए प्रति क्विंटल कराया जाये ताकि किसानों को उनका मूल्य लागत मिल सके।

इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी रविंद्र त्यागी, प्रदेश मुख्य महासचिव अरविंद त्यागी, जिला अध्यक्ष इंतखाब, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, प्रदेश महामंत्री ठाकुर सुनील सिंह, युवा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुमित जादौन, मोहित शर्मा, सौरभ त्यागी आदि समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किए गए स्व.चौ.अजित

## गन्ना किसानों व मजदूरों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षः शाहजमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शाहजमा खान के नेतृत्व में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.चौ.अजित सिंह को जयंती पर याद करते हुए नमन किया।

दिल्ली रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर सर्वप्रथम दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया। जिसके बाद आयोजित गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह सादगी और ईमानदारी की जिंदा मिसाल थे उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में अनेको जनहित के कार्य किये जिसमें प्राइवेट चीनी मिलों की स्थापना के लिए लाइसेंस का सरलीकरण और चीनी मिलों के बीच की दूरी 25 किलोमीटर से घटाकर 15 किलोमीटर की जिससे आज गन्ना किसान खुशहाल है और गन्ना मिलों के बीच में प्राइस वॉर जैसी स्थिति है गन्ने के रस से एथेनॉल बनाने का फार्मूला चौधरी अजीत सिंह कृषि मंत्री रहते हुए ब्राजील से लेकर आए थे।



कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह, प्रदेश सचिव चौधरी अय्यूब हसन ,क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, शहजाद मलिक, वरिष्ठ नेता चौधरी अर्जुन सिंह, महिला जिला अध्यक्ष अंजुम त्यागी, शाह नजर त्यागी, रजनीश चौहान, चौधरी यशवीर सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, विशाल कंबोज, पंडित दिनेश शर्मा, अरविंद मलिक, प्रवेश कश्यप, नेत्रपाल कश्यप, सतपाल चौहान, सचिन चौधरी, मोहम्मद इमरान उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गोचर कृषि इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सांचलू में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का विषय ष्महिला सशक्तिकरणष्औरष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओष रहा।

कार्यक्रम अधिकारी विकास चौधरी ने स्वयंसेवको को महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। स्वयंसेवकों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में से एक ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओष विषय पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयं सेवकों द्वारा घर-घर जाकर महिलाओं को टोल फ्री नं . 181,112,108, 1091आदि की जानकारी दी।इसी के साथ-साथ स्वयंसेवको द्वारा ग्राम सांचलू मे साक्षरता पर एक सर्वे भी किया गया।

# राज्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने आज राज्य कर्मचारियों, शिक्षक, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी के नेतृत्व में कर्मचारी कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में सभी कांट्रेक्ट वाले इम्पलाई को रेगुलर करने, कांट्रेक्ट, आउससोर्सिंग व डेलीवेज वाली नौकरी बंद करने, एनपीएस, यूपीएस खत्म करने, सभी चार लेबर ककोड रद्द करने, सरकार की मदद से एक पूरी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम लागू करने आदि की मांग की गई।



ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री देवेंद्र कुमार, प्रांतीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ यशपाल सैनी, मंडलीय अध्यक्ष मुकेश कुमार त्यागी, मंडल ऑडिटर प्रवीण कुमार, मनमोहन सिंह, प्रमोद बंसल, संजय शर्मा, अमित कुमार शर्मा, आशीष देव सिंह, राजीव शर्मा व आनंद बलराम आदि शामिल रहे।

# वार्षिक मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**गंगोह।** महाशिवरात्रि पर्व पर कोतवाली अन्तर्गत ग्राम गुडछप्पर स्थित ऐतिहासिक शिवालय में लगने वाले वार्षिक मेले की तैयारियों व शांतिव्यवस्था के दुष्टिगत पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक गहलोत व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने हल्का इंचार्ज के साथ मेला क्षेत्र व मंदिर निरीक्षण किया।

मन्दिर मे आयोजकों व अन्य सभान्त व्यक्तियो के साथ बातचीत की। उनसे तैयारियों के बारे पूछताछ की, उन्होंने बताया कि मन्दिर परिसर मे कुल 10 सीसी कैमरे कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत लगवाये गये है, जो सूचारू रूप से कार्य कर रहे है। श्रद्धालुओं के लिए बेरीकेटिंग व पेयजल के अलावा भंडारों के बारे में जानकारी ली।

# भारत अमेरिका समझौते का जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत अमेरिका समझौते के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।



संयुक्त किसान मोर्च के आहवान पर कलैक्ट्रेट परिसर में आयोजित यूनियन की बैठक में राष्ट्रीय सचिव चौ.विनय कुमार ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जो समझौता हुआ है वह देश के किसानों के खिलाफ है। ऐसा ही होता रहा तो देश का किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेगा। जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी ने कहा कि इस समझौते से देश में अमेरिका से आयातित सामान सस्ते होंगे जिससे देश में पैदा अनाज और दूध सस्ते होंगे और देश का किसान बर्बाद होगा।

बैठक के बाद किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बैठक में चौ.मुकेश तोमर, चौ. अमित मुखिया, चौ.राजपाल सिंह, राजवीर सिंह कांबोज, अजय कांबोज, चौ.बबलू, भाग सिंह, मूसा प्रधान, उमेश, सुधीर, अरूण राणा, सुरेश प्रमुख, ललित, पहल सिंह, रेखा बालियान, सोहनवीर आदि मौजूद रहे।

अध्यक्षता श्यामवीर सैनी व संचालन संजय चौधरी ने किया।

# हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में आज अधिवक्ताओं ने दिवानी तिराहे पर जाम लगाकर कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन से जुडे अधिवक्ता आज दिवानी कचहरी तिराहे पहुंचे जहां उन्होंने सांकेतिक जाम लगाया। जिसके बाद अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए पैदल ही कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि एसोसिएशन रामपुर में अधिवक्ता साथी की नृशंस हत्या की घटना की कडे शब्दों में निंदा करता है। यह कृत्य पूरे अधिवक्ता समाज और न्यायिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। ज्ञापन में हत्यारों को गिरफ्तार करने, मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने, मृतक अधिवक्ता के परिवार को उचित मुआवजा दिये जाने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिये एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किये जाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों में अध्यक्ष राहुल त्यागी, महासचिव पालम राणा, रेखा रानी, दूल्हे मियां, सौरभ जैन, गौरव दीक्षित, अनिता रानी, सचिन कुमार सैनी, रविदत्त शर्मा, बिटटू सहगल, अंकित चौधरी आदि समेत भारी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# घूसखोर पंडित पर रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही इसके फिल्म मेकर नीरज पाण्डेय को भी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं किया जा सकता। भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि फिल्म घूसखोर पंडित की रिलीज पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बताती है कि उसने याचिकाकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया है और माना है कि इस तरह के टाइटल समाज में वैमनस्य का कारण बनते हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की बेंच कर रही है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। पीठ ने मेकर्स से साफ कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं। यह नैतिकता के खिलाफ है। हालांकि मैकर्स ने फिल्म का नाम बदलने पर सहमति जताई है। इस पर पीठ का कहना था कि जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते तब तक हम आपको इसी रिलीज करने नहीं देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश भी जारी किया है। जिसमें यह बात साबित करने के लिए कहा गया है कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचे नहीं दिखाता। असल में मेकर्स का कहना रहा है कि घूसखोर पंडित मात्र एक टाइटल है और इसका किसी व्यक्ति या समाज से लेना देना नहीं है। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी जैसे मंझु हुए अभिनेता काम कर रहे हैं। उनके अलावा नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार जुड़े हुए हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि फिल्में समाज को कहीं न कहीं से अवश्य प्रभावित करती हैं। इसलिए फिल्म मेकर्स को चाहिए कि वह इस तरह का कोई काम न करे। जिससे समाज में किसी तरह का वैमनस्य पैदा हो, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि घूसखोर पंडित कोई आज इकलौती फिल्म नहीं है जो विवादों के घेरे में है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि इस तरह की फिल्में लाई जाती हैं जो बड़े विवाद का कारण बनती हैं और समाज के एक हिस्से को प्रभावित करती हैं। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि इस तरह की फिल्मों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। छावा, कश्मीर फाइल्स, गुजरात फाइल्स आदि कई फिल्में काफी विवादों के घेरे में रहीं हैं। कई फिल्मों पर तो बवाल भी कटा। इस तरह की फिल्में वास्तव में नहीं बननी चाहिएं। सच तो यह भी है कि इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट में नहीं जानी चाहिएं और जो इससे संबंधित विभाग है, यह उनके स्तर तक ही रहनी चाहिए। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस दिया है।

## किसानों, मजदूरों और श्रमिकों का भविष्य खतरे में



विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं, पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन



योगेश कुमार गोयल



आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 147वीं जयंती मना रहा है।

सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था।

मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा। गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोजिनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा। गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था।

महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलबुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। भारत में प्लेग महामारी के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 13 फरवरी 1964 को 15 पैसे का एक डाक टिकट जारी किया गया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह विदाई बजट से भाजपा की विदाई तय!

**इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है।**



शमशाद रशीद माहीगीर

किसी भी मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ा गौरवशाली क्षण होता है और खासकर उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए योगी सरकार ने एक नहीं दो नहीं कर नहीं दसवां बजट पेश किया है उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि योगी सरकार के नेतृत्व में दसवां बजट पेश किया गया है उत्तर प्रदेश का जो बजट है वह 9 लाख करोड़ से भी ज्यादा का है आप सोचिए कितना बड़ा बजट है हमारे प्रदेश का क्या है इस बजट में और सरकार के इस बजट के पीछे का विजन क्या है जो वित्त मंत्री ने विधानसभा में स्पीच बोली है उसमें तीन-चार बातें हैं। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी धन खर्च करने का वायदा किया है सड़कें बनेगी एक्सप्रेस वे बनेंगे हाईवे बनेंगे और जो भी बड़ी-बड़ी आवश्यक इमारतें होंगी उनको तैयार किया जाएगा जो हमारा मूलभूत तंत्र है ढांचा है उसको तैयार किया जाएगा आईटी इंडस्ट्री पर बड़ा जोर है उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर तो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर नहीं है तो सरकार ने उसके लिए बजट में प्रोविजन किया है नए एलोकेशन किए हैं फंड के ताकि उत्तर प्रदेश में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर तैयार कर सकें। खाली डाटा सेंटर की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। वह सिर्फ नाम रह गए हैं। वैसे डाटा का एक स्मार्ट गोदाम है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए भी बड़ा फंडा लोकेट किया है। पारंपरिक मत जो है वह तो है ही शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सिंचाई का इनका एक अलग बजट होता है सब्सिडी का वह तो है ही और सरकार ने यह वादा किया है इस बार का जो बजट है लोगों को जॉब्स भी मुहैया कराई जाएगी। डायरेक्ट जॉब्स और इनडायरेक्ट जॉब्स। डायरेक्ट जॉब्स वह जो सरकारी नौकरियां मिलेगी और इनडायरेक्ट जब वह सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करेगी और उद्योग धंधे लेगी उसमें जो इनडायरेक्ट जॉब मिलेगी उसे पर भी सरकार का एक बार विधानसभा में बड़ा फॉकस रहा है। इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है



आज की डेट में मेरे अंदाज से सरकार के पास बचपन से 60000 करोड़ का कैश इस वक्त मौजूद है। सरप्लस पैसा रखा है जो अगले साल सितंबर नवंबर में बाउंसर आएगी खर्च कर लेंगे। चुनाव के लिए विपक्ष का गंभीर आरोप है सरकार बड़ी-बड़ी फिगर लेकर आती है लेकिन पैसे खर्च ही नहीं करती। यह बजट कहा जो पिछली बार विधानसभा से पास हुआ था 55 प्रतिशत खर्च हुआ है। ऐसा विपक्ष का कहना है अखिलेश यादव जी का कहना है कि यह सरकार का अंतिम बजट है अगला बजट हम पेश करेंगे यह जो बजट पेश हुआ है यह झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है यह सत्ता पर के दावे और विपक्ष के दावे की बात है आम आदमी को क्या मिला योगी सरकार ने पहला बजट 2 लाख 70000 करोड़ से शुरू किया था और यह बढ़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर रोक लगाता सुप्रीम कोर्ट

रजनीश कपूर



भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर सख्त अंकुश लगाया है। यह फैसला उन अपराधों से संबंधित है जहां सजा की अधिकतम अवधि सात साल तक की कैद है। सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई मामले में न्यायमूर्ति एम।एम। सुंदरेश और एन। कोटिस्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी अपवाद है, जबकि नोटिस जारी करना नियम। यह निर्णय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करेगा। फैसले के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि, कानूनी प्रावधानों, गिरफ्तारी की आवश्यकता और आम नागरिकों पर इसके प्रभाव परचर्चा होने लगी है। जिससे कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पहले समझते हैं कि यह फैसला ऐतिहासिक क्यों है। भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में गिरफ्तारी एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पुराने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार था, लेकिन इसका अक्सर दुरुपयोग होता था। विशेष रूप से कम गंभीर अपराधों में, जहां सजा सात साल से कम थी, पुलिस बिना सोचे-समझे लोगों को हिरासत में ले लेती थी। इससे न केवल जेलों में भीड़ बढ़ती थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों का जीवन बर्बाद होता था। 2014 में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ऐसे अपराधों में गिरफ्तारी निश्चित नहीं होनी चाहिए। पुलिस को पहले जांच करनी चाहिए और गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही करनी चाहिए, लेकिन अब नई व्यवस्था में, 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने इस प्रक्रिया को और मजबूत किया है। बीएनएसएस धारा 35 सीआरपीसी की धारा 41 का स्थान लेती है, जबकि बीएनएसएस धारा 35(3) सीआरपीसी की धारा 41ए के समान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35 भी गिरफ्तारी से संबंधित है, लेकिन मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक पहलू बीएनएसएस में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस धारा 35(1) पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार देती है, लेकिन शब्द में (may) का प्रयोग दर्शाता है कि यह विवेकाधीन है, न कि अनिवार्य। धारा 35(1)(बी) में कहा गया है कि पुलिस को विश्वास होना चाहिए कि आरोपी ने अपराध किया है और गिरफ्तारी जांच के लिए जरूरी है, लेकिन धारा 35(3) के तहत पुलिस द्वारा पहले नोटिस जारी करना अनिवार्य है, जिसमें आरोपी को पुलिस स्टेशन में हाजिर होने और सहयोग करने को कहा जाता है।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

> सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

ऐसे में यह फैसला आम नागरिकों के लिए क्या मायने रखता है? सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब पुलिस की मनमानी कम होगी। पहले, छोटे-मोटे अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मारपीट या संपत्ति विवाद में लोग रातोंरात जेल में डाल दिए जाते थे, जिससे उनका करियर, परिवार और सम्मान प्रभावित होता था। लेकिन अब, नोटिस मिलने पर नागरिक पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, बिना हिरासत में लिए। इससे जेलों में अनावश्यक भीड़ कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में जेलों की क्षमता से 130: अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि वे गिरफ्तारी के दौरान अधिक शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन इस फैसले का असली लाभ तभी मिलेगा जब नागरिक अपने अधिकारों से अवगत होंगे। आम आदमी को पता होना चाहिए कि यदि अपराध सात साल से कम सजा वाला है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ऐसे में आपको नोटिस मिलने पर आप क्या करें? सबसे पहले, नोटिस को ध्यान से पढ़ें, इसमें अपराध का विवरण, हाजिर होने की तारीख और समय होता है। एक वकील से सलाह लें और पुलिस स्टेशन जाएं। यदि आप जांच में पुलिस का सहयोग करते हैं, तो गिरफ्तारी की संभावना कम है। यदि पुलिस बिना नोटिस गिरफ्तार करने की कोशिश करे, तो आप इसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चेतावनी दी है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिकारी दंडित हो सकते हैं। नागरिकों को यह भी जानना चाहिए कि बीएनएसएस में इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (जैसे व्हाट्सएप) अमान्य हैंय नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक से ही दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस फैसले की कुछ सीमाएं भी हैं। गंभीर अपराधों (सात साल से अधिक सजा वाले) में गिरफ्तारी अभी भी आसान है और पुलिस दुरुपयोग कर सकती है। जांच की गुणवत्ता में सुधार के बिना, अपराधी बच सकते हैं। फिर भी, यह न्यायिक सक्रियता का उदाहरण है, जो पुलिस सुधार की दिशा में एक कदम है। सरकार को पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र की मजबूती है, जहां नागरिक पुलिस से डरें नहीं, बल्कि सहयोग करें। हर नागरिक को अपने अधिकार जानने चाहिए, गिरफ्तारी कोई सजा नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा है। यदि हम जागरूक होंगे, तो न्याय व्यवस्था अधिक निष्पक्ष बनेगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि कानून सबके लिए समान है और स्वतंत्रता हमारा मौलिक हक।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश में बीएनपी बहुमत के करीब, 120 सीटें जीतीं

## वोटिंग हुई, जमात गठबंधन के खाते में 38 सीटें आ रही, बहुमत प्राप्त करने के लिए 150 का आंकड़ा हासिल करना जरूरी

**एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत**

**जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा: अगर चुनाव निष्पक्ष हुए, तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी**

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती नतीजे के मुताबिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 120 सीटें जीत ली हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन के खाते में 38 सीटें आई हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान दोनों सीटों से जीत गए हैं।

बहुमत के लिए 150 सीटें जरूरी हैं। 299 सीटों पर हुए चुनाव में दोपहर 2 बजे तक 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे। इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व पीएम शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। जमात- ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। चुनावी नतीजों में बीएनपी बहुमत की तरफ बढ़ रही है। पार्टी ने 299 में से 120 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। बहुमत के लिए 150 का आंकड़ा जरूरी है। जमात-ए-इस्लामी के चीफ शफीकुर रहमान ने कहा है कि उनकी पार्टी चुनाव के नतीजे स्वीकार करेगी, चाहे अन्य दल करें या नहीं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कहा कि देशभर से शुरुआती नतीजे आने शुरू हो गए हैं, लेकिन रात करीब 11 बजे तक तस्वीर और साफ हो सकती है।

बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका-17 और बोगरा-6 दोनों सीटों से जीत दर्ज की है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने उनकी जीत की पुष्टि की है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी ने दावा किया है कि गुरुवार को हुए चुनाव में 36 सीटों पर जीत दर्ज की है। पार्टी ने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर अनौपचारिक नतीजों का ऐलान किया। जमात ने पर विजयी उम्मीदवारों की सूची भी जारी की है। रंगपुर-5 से जमात के उम्मीदवार गोलाम रब्बानी विजयी घोषित हुए हैं। रंगपुर-1 सीट पर भी जमात के उम्मीदवार मोहम्मद रायहान सिराजी ने जीत हासिल की। वहीं लालमोनिरहाट-3 सीट से बीएनपी के उम्मीदवार अहसान हबीब दुलु ने जीत दर्ज की। पटुआखाली-4 सीट पर बीएनपी के उम्मीदवार ए.बी.एम. मोशर्रफ ने जीत हासिल की। इस सीट पर मुकाबला कड़ा माना जा रहा था। वहीं कुरिग्राम-4 सीट पर जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोस्ताफिजुर रहमान ने जीत दर्ज की। ढाका-15 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार और पार्टी चीफ डा. शफीकुर रहमान अपने ही बूथ पर 5 वोटों से हार गए। हालांकि वे अपनी सीट पर पूरे बढ़त बनाए हुए हैं। मोनिपुर हाई स्कूल मतदान केंद्र पर डा. शफीकुर रहमान तराजू चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे थे। इस बूथ पर उन्हें 560 वोट मिले। उनके खिलाफ लड़ रहे बीएनपी उम्मीदवार शफीकुल इस्लाम खान को 565 वोट मिले। इस बूथ पर कुल 1,147 मतदाता हैं। हालांकि इससे पहले ढाका-15 सीट के 17 बूथ के नतीजे घोषित किए गए थे। उन सभी बूथ पर शफीकुर रहमान आगे रहे। इन 17 केंद्रों में उन्हें कुल 10,046 वोट मिले। इन 17 केंद्रों में उन्हें कुल 10,046 वोट मिले। पूरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतिम और आधिकारिक नतीजों का इंतजार किया जा रहा है।



### बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं ने डाला अपना मत

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को गुलशन मॉडल हाई स्कूल और कॉलेज में अपना मत डाला। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बहुप्रतीक्षित चुनाव लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगा। रहमान ने कहा कि बंगलादेशी नागरिक स्वतंत्र रूप से मतदान करने के अवसर के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से किसी भी 'साजिश' को विफल करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। बीएनपी ने रात भर कुछ क्षेत्रों में 'अवांछनीय घटनाओं' की खबरें मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अपना विश्वास भी जताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे बंगलादेश के लोग दिन भर बाहर आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सकता है। मैं आशावादी हूं, दृढ़ता से आशावादी हूं।

### चुनाव से ठीक पहले हिंदू युवक की हत्या चाय बागान में मिली खून से लथपथ लाश

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मौलवीबाजार जिले से सामने आया है, जहां आम चुनाव से महज एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव मिलने के बाद से इलाके मे तनाव का माहौल है। इस घटना ने वहां के अल्पसंख्यक समुदायों में डर और चिंता बढ़ा दी है। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे और वह खून से लथपथ था। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार, द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लोगों ने बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे चाय बागान के अंदर उसकी लाश देखी, जहां कर काम करता था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। रतन के साथ काम करने वाले लोगों का आरोप है कि उसे किसी दूसरी जगह मारा गया और फिर लाश को बागान में फेंक दिया गया। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाटो में अपना खर्च बढ़ाएं यूरोप, कनाडा: मार्क रट

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रट ने यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों से 'रक्षा व्यय और औद्योगिक उत्पादन' बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि अमेरिका गठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन उसका रणनीतिक ध्यान अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर अधिक केन्द्रित हो रहा है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि चर्चा का मुख्य केन्द्र हेग शिखर सम्मेलन में लिए गए।

### तीसरी बार कोसोवो के प्रधानमंत्री बने अल्बिन कुर्ती

**बेलग्रेड।** कट्टरपंथी सेल्फ- डिटरमिनेशन मूवमेंट (एलवीवी) के नेता अल्बिन कुर्ती को स्वयं-घोषित कोसोवो की संसद ने मार्च 2021 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री कुर्ती के नेतृत्व वाले स्वनिर्धारण आंदोलन (एलवीवी) ने 28 दिसम्बर को कोसोवो में हुए अचानक संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। संसदी चुनाव के बाद बुधवार (11 फरवरी) को एलवीवी की अल्बुलेना हाक्सियू को अध्यक्ष चुना गया।

### सूडान में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** उत्तरी सूडान के नाइल नदी प्रांत में यात्री नौका के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। सूडान के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार लकड़ी की नाव तैयबा अल-खावद और दैम अल-कराई गांवों के बीच यात्रा कर रही थी और उसमें महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों समेत 27 से अधिक यात्री सवार थे। उच्च लहरों के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा इकाइयां मौके पर पहुंचीं। अब तक 15 से अधिक शव बरामद किये जा चुके हैं।

### सीरिया ने अमेरिका से अपने नियंत्रण में लिया अल-तन्फ़ सैन्य बेस

**दमिश्क।** सीरिया की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा पर अल-तन्फ़ सैन्य बेस से अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरियाई सेना की इकाइयों ने इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया है। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि सीरियाई और अमेरिकी पक्षों के बीच सहमति के बाद उन्होंने इस सैन्य बेस को अपने काबू में लिया।

# इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम

## रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ स्टोरी': वैक्यूम बमों से तापमान 3500 डिग्री पहुंचा, हजारों इंसान भाप बनकर गायब हुए

**वाशिंगटन।** इजरायल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपट्र्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजरायल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2842 ऐसे फलस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फलस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं। उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवाधिकार संगठनों ने इजरायल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपट्र्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है। इजरायली हमले से गाजा की लगभग 90 प्रतिशत इमारतें खंडहर हो चुकी हैं। एमके-84 'हैमर': करीब 900 किलो का बम, जो 3500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। बीएलयू-109 बंकर बस्टर: यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है। जीबीयू-39: इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा।



**इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं**

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑल: रीइमेजिनिग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है।

**इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया**



ढाका। बांग्लादेश में देश के 13वें संसदीय चुनाव के दौरान मतदान करते बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस।

### वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपने आधिकारिक आवास मिराफ्लोरेस पैलेस में अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात कर द्विपक्षीय ऊर्जा एजेंडे की समीक्षा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक में वेनेजुएला की ऊर्जा संप्रभुता और द्विपक्षीय रिश्तों के नीतिगत ढांचे में 'दोनों देशों के लिए फायदेमंद ऊर्जा एजेंडे' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें अमेरिका की चार्ज डी' अफेयर्स लॉरा डोगू, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए के अध्यक्ष हेक्टर ओब्रेगॉन और अमेरिका में वेनेजुएला के कूटनीतिक प्रतिनिधि फेलिक्स प्लासेंसिया भी मौजूद थे।

# ईरान के साथ बातचीत जारी रहेगी: ट्रम्प

## मैंने इजरायल के पीएम नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की: राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता इस बात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जारी रहेगी कि क्या परमाणु हथियारों को लेकर कोई समझौता किया जा सकता है। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के तुरंत बाद दिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात पूरी की है। ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं। यदि समझौता हो सकता है, तो मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि यही मेरी प्राथमिकता होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें देखना होगा कि आगे क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि बैठक में गाजा और पूरे क्षेत्र में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई। नेतन्याहू बुधवार सुबह व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन से होते हुए पहुंचे और बिना किसी संवाददाता सम्मेलन या आधिकारिक बयान के रवाना हो गए। दोनों नेताओं के बीच यह ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान सातवीं मुलाकात थी, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और औपचारिक रूप से 'शांति बोर्ड' का सदस्य बनने पर सहमति दी, जिसे इजरायली संसद में विवादास्पद पहल बताया जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रम्प के समक्ष ईरान से वार्ता के सिद्धांतों को रखेंगे, जो न केवल इजरायल बल्कि पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा चाहने वालों के लिए अहम हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, वह चाहते हैं कि वार्ता में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाई जाएं और हमास तथा हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से उसके संबंधों में कटौती शामिल हो। ट्रम्प ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए साक्षात्कार में कहा था कि समझौता अच्छा होना चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि पश्चिम द्वारा खड़ी की गई 'अविश्वास की दीवार' अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में बाधा बन रही है।



**ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं**

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

## बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रही

**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। किम जू ऐ सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान पिता किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे-विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है। दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि एनआईएस पहले जू ऐ को 'उत्तराधिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही' बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह 'औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित' किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं। ली ने कहा, किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए एनआईएस मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।



**हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं**

